हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]



■ स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता व कटिबद्धता के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मान प्राप्त।

# अब मरीजों को नहीं लगानी पड़ती है महानगरों की दौड़ किडनी और मूत्र रोगों के सफल उपचार के बाद हृदय रोगियों के लिए शहर का सबसे बड़ा विश्वसनीय संस्थान

**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल किडनी व मूत्र संबंधी रोगों के उपचार में दिन पर दिन नया रिकार्ड बना रहा है। सर्वसुविधायुक्त इस हॉस्पीटल में सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम द्वारा कम खर्च में लोगो को वो सारी सुविधाएं दे रहा है जिसके लिए मरीज बड़ी रकम खर्चकर बाहर जाकर ईलाज कराते थे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. नवीन दारुका के मुताबिक उनकी सुविधाओं के लिए संभाग ही नहीं प्रदेश के कोने-कोने से गुर्दा व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। आरोग्यम की एक बड़ी सफलता यह रही कि कुछ दिन पहले ही दुर्ग जिले का एकमात्र संस्थान बन गया है जो क्वालिटी और स्टैंडर्ड मेंटेन करने आरोग्यम को **NABH** ( नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थ केयर) की फाइनल मान्यता मिल चुकी है। संस्थान को यह राष्ट्रीय मान्यता सभी विभाग के सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम एक ही छत के नीचे स्वास्थ सेवा के सभी मापदंडों का पालन करने के लिए दिया गया है। आने वाले नए साल में हॉस्पिटल में हार्ट सर्जरी और निसंतानो के लिए **IVF** पद्धति से मेल व फीमेल दोनो का एक साथ ट्रीटमेंट करने के साथ ही लीवर ट्रांसप्लाट की भी सुविधा मिलेगी। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण आरोग्यम हॉस्पिटल ट्रामा/आपातकालीन स्थिति के लिए सबसे किफायती एवं विश्वसनीय संस्थान के रूप में जाना पहचाना नाम बन चुका है। इस अस्पताल की सुविधाओं से राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और कवर्धा जिले के ही नहीं संभाग के सभी जिले सहित प्रदेश के बाहर से आए लोगों को लाभ मिल रहा है। पिछले चार महीने में यहां के विशेषज्ञों की टीम ने कमाल किया है। किडनी ट्रांसप्लांट जो कि पहले प्रदेश से बाहर संभव होता था, एक नहीं दो-दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर दिखाया है। यह अस्पताल संभाग का पहला किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाला अस्पताल बन गया है।



“ मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में अग्रणी बनाना है, जिसमें हम प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय ,बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। ”

## 24 घंटे विशेषज्ञों की टीम मुश्तैदी से तैनात

**डॉ. आकाश बक्शी**
( वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व सर्जन)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. जीवन लाल घीदले**
( वरिष्ठ पेट, आंत, लिवर एवं पित्त नली के पथरी रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. कुलदीप सिंह**
(नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक।

**डॉ. आर के साहू**
(वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
सोमवार से शनिवार **OPD Timing** सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।

**डॉ. एसके सेठी**
(जनरल मेडिसिन एवं किडनी परामर्श विशेषज्ञ)
**OPD Timing** प्रत्येक मंगलवार व शनिवार शाम 6 बजे से 9 बजे तक।

**डॉ. नवीन दारुका**
( वरिष्ठ मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार सुबह 8 से रात 10 बजे तक।)

**डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई)**
(निसंतानता, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. तरुण नायक, डॉ. रूपनारायण साहू**
( वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक।

**डॉ. राजेश सिंघल**
(जनरल मेडिसिन, हाइपरटेंशन, शुगर, थायराइड रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. विशाल अग्रवाल**
(जनरल मेडिसिन,शुगर, आईसीयू, ब्लड प्रेशर विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार शाम 6 से रात 9 बजे तक।




## दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरणः डॉ. आकाश बक्शी

### आपके दिल का सच्चा साथी



दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में एक नई उम्मीद का सूरज उग चुका है। **वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आकाश बक्शी** के नेतृत्व में अब यहां दिल से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञता के साथ किया जा रहा है। **डॉ. आकाश बक्शी**, जो कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में वर्षों से अनुभव रखते हैं, अपने मरीजों के लिए नए इलाज के तरीके और जीवनशैली से जुड़ी सलाह देने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका मानना है कि दिल की बीमारियों का समय रहते इलाज और सही जीवनशैली के पालन से उपचार किया जा सकता है। आरोग्यम हॉस्पिटल में अब उच्चतम स्तर की कार्डियोलॉजिकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जैसे एंजियोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, हार्ट फेल्योर का इलाज, और दिल के दौरे से बचाव के लिए विशेष कार्यक्रम। डॉ. बक्शी ने इस पहल पर कहा, दिल की बीमारियां अब एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, लेकिन सही समय पर इलाज और जीवनशैली में बदलाव से हम इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में हमारे पास ऐसी तकनीकें और विशेषज्ञता है जो मरीजों के दिल के स्वास्थ्य



को बेहतर बना सकती हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में डॉ. आकाश बक्शी के नेतृत्व में दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह एक नई आशा की किरण बनकर उभरी है, और यह हॉस्पिटल अब दिल के मरीजों के लिए सबसे विश्वसनीय और अग्रणी केंद्र बन चुका है।

## 75 % महिलाओं की टीम से बना सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल

महिलाएं संवेदनशील होती है और वे दूसरों का दर्द बखूबी समझती है इसलिए आरोग्यम में डाक्टर और नर्स सहित 75 प्रतिशत महिलाओं की सुपर टीम 24x7 लगन के साथ मरीजों की देखरेख करने से लेकर डिस्चार्ज के बाद फॉलोअप पूरी जिम्मेदारी से निभाती है।

## उपलब्धियां

- अल्प समय में संभाग का सबसे बड़ा ट्रांसप्लांट केंद्र
- जिले का एकमात्र अस्पताल जहां ट्रांसप्लांट आईसीयू है।
- दुर्ग जिले का एक मात्र संपूर्ण NABH हॉस्पिटल
- संभाग का सबसे बड़ा 15 बेडेड डायलिसिस यूनिट।
- 300 से अधिक नि :शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन। सैंकड़ो मरीजों को मिला लाभ।
- 3500 से अधिक किडनी सर्जरी।
- डायलिसिस 18500 से अधिक।
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 1200 से अधिक।
- ब्रेन ट्यूमर सर्जरी 50 से अधिक।
- गेस्ट्रो प्रोसिजर- मात्र चार में महीने में 100 से अधिक। गेस्ट्रो संबंधित प्रोसिजर हो चुका है।
- सभी प्रकार की पथरी सर्जरी के लिए विश्वसनीय एवं किफायती संस्थान

गुड न्यूज.. किडनी ट्रांसप्लांट एवं दुर्लभ सर्जरी कर 350 से अधिक मरीजों को दुर्लभ बीमारियों से दिलाया निजात

# हाइवे से लगा एकमात्र सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल जहां ट्रामा की सर्वश्रेष्ठ टीम उपलब्ध है।

**भिलाई।** किडनी व मूत्र रोग के इलाज से किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचा आरोग्यम अस्पताल धीरे-धीरे मध्य भारत का ट्रांसप्लांट सेंटर बन रहा है। दो साल के भीतर ट्रांसप्लांट तक पहुंची यहां के विशेषज्ञों की टीम नए लक्ष्य के लिए तन-मन-धन से जुटी है। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। विगत दिनों सेक्टर-9 हॉस्पिटल (बीएसपी) से रिटायर्ड अनुभवी **डॉ. जीवन लाल घीदले** जो अब पेट संबंधित बीमारियों के मरीजों का आरोग्यम अस्पताल में उपचार करेंगे। लिवर ट्रांसप्लांट की नई सुविधा अस्पताल प्रबंधन ने नए साल में संभाग वासियों के देना तय किया है। काम चल रहा है।



स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति किसी भी समय आ सकती है और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कादंबरी नगर दुर्ग बाईपास रोड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक 24x7 इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट है। यहां चौबीसों घंटे अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आधुनिक मेडिकल मशीनों की मदद से मरीजों की जान बचा रही हैं। इस स्थापित यूनिट की वजह से आज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ में आपातकालीन उपचार के लिए एक बड़ा नाम बनता जा रहा है। 24X7 इमरजेंसी सुविधा हॉस्पिटल में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में आते ही सर्वोत्तम चिकित्सा बिना समय गंवाए मिल जाती है।



आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली जैसे महानगरों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ते दर पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। डायलिसिसस व सामान्य किडनी रोगो के उपचार से शुरु कर 2 साल में किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचे है। हमारी टीम आरोग्यम को प्रदेश का सस्ता व बेहतरीन ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने पर काम कर रही है, आगे लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देना हमारा लक्ष्य है।

## सुविधाएं अपार

### स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे सातों दिन समर्पित अस्पताल

आरोग्यम में ही एक छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी वह भी दूरबीन विधि से, जांच के लिए कहीं और जाना भी नहीं



**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में ऐसा नहीं की केवल किडनी व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार की ही सुविधा है। बल्कि एक ही छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी भी की जाती है। वह भी सभी सर्जरी दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) विधि से होती है। इस तरह की सर्जरी जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. तरुण नायक की टीम करती है। सर्जरी से पहले होने वाली जरूरी जांच के लिए भी यहां के मरीजों को कहीं और आना जाना नहीं पड़ता है। 24x7 जनरल सर्जरी के साथ ही 24X7 एक्स-रे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व ब्लड जांच की सुविधा है। जनरल सर्जरी में ये रोज हो रही सभी प्रकार की हार्निया सर्जरी, पित्त (गॉल ब्लेडर) की पथरी, स्पलीन (ताप तिल्ली) सूजन, अपेंडिक्स व अग्नाश्य में सूजन, आमाशय एवं आंतों की बीमारी।



## अत्याधुनिक एवं दुर्लभ सर्जरी जिसे आरोग्यम टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया

### दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार से पीड़ित पांच साल के बच्चे की सफल सर्जरी

दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार एपीस्पीडियास से ग्रसित 5 वर्षीय बच्चा जन्म के साथ ही एपीस्पीडियास से पीड़ित होने से बच्चे को पेशाब सामान्य रूप से ना हो कर लिंग के ऊपरी हिस्से से होने के चलते बच्चे के माता-पिता काफी परेशान थे, कई जगह इलाज कराने के बाद आरोग्यम अस्पताल के डॉ नवीन राम दारुका से परामर्श लेकर दिल्ली के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. **गौतम बंगा**, डॉ. **नवीन राम दारुका** एवं आरोग्यम की टीम द्वारा इस जटिल ऑपरेशन को करके बच्चे की यूरेथ्रा का पुनर्निर्माण किया गया, ऑपरेशन के दौरान अंगों की सरंचना को सामान्य स्थिति में लाया गया। लगभग 3 घंटे तक चली सर्जरी उपरांत बच्चा सामान्य स्थिति में मूत्र विसर्जन करने लगा। जो अस्पताल की टीम के लिए अनोखा केस रहा।

### एक ही मरीज में दूरबीन से गुर्दे, पित्त नली, पित्ताशय की पथरी का दुर्लभ सर्जरी

काफी समय से पित्त नली की पथरी का दर्द झेल रहे 52 वर्षीय मरीज का आरोग्यम में सही ईलाज मिलने पर राहत मिली। **डॉ. जीवनलाल एवं डॉ. नवीन राम दारुका** की टीम ने सीटी स्कैन एवं अन्य जांच कर मरीज के पित्त की नली में बड़ी पथरी, किडनी में सूजन, पैंक्रियाटाइटीस जैसी घातक बीमारी के साथ ही पित्ताशय एवं किडनी में कई पथरियां पाई गई, जो कि मरीजों में इस प्रकार की समस्या काफी दुर्लभ होती हैं, इस गंभीर स्थिति में आरोग्यम के विशेषज्ञों की टीम द्वारा दूरबीन पद्धति से पित्त नली की पथरी को तोड़कर बायलरी स्टेंट एवं किडनी में **DJ** स्टेंट एवं पेनक्रियाज में भी स्टेंट डालकर सफल ईलाज किया गया। मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। संभवतः यह जिले का पहला केस होगा। जहां इस प्रकार की सर्जरी की गई।

### ओडिसा से पहुंचे मरीज की स्पाइनल कॉर्ड में ट्यूमर की जटिल सर्जरी

दुर्ग जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक आरोग्यम अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में, अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. **कुलदीप सिंह** की टीम ने उड़ीसा से पहुंचे एक मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण इस बीमारी का डॉ. **कुलदीप** द्वारा **MRI** करने पर ट्यूमर का पता चलते ही आधुनिक तकनीक और उच्चतम कौशल का उपयोग कर 5 घंटे में यह सर्जरी पूरी की। संवेदनशील स्थान पर ट्यूमर होने से ऑपरेशन में बेहद सावधानी की आवश्यकता थी। लेकिन डॉ. **कुलदीप** की टीम सटीक माइक्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने उम्मीद खो दी थी, लेकिन आरोग्यम की टीम ने उनकी जिंदगी में एक नई रोशनी लाई है। सर्जरी में अस्पताल के कुशल चिकित्सा टीम ने आरोग्यम अस्पताल को एक बार फिर मेडिकल क्षेत्र में अग्रणी साबित किया।

### आधुनिक पद्धति से कर रहे यह सर्जरी

गैस्ट्री सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, घुटने का प्रत्यारोपण, थायराइड और कैंसर सर्जरी की सुविधा। डॉ. तरुण नायक पहले पेट संबंधी छोटी सी परेशानी से पेट चीरना पड़ता था। लेकिन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से पेट चीरने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज की रिकवरी तेज होती है। जटिल सर्जरी भी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम कीगल चेयर द्वारा पेशाब नियंत्रण का कारगर इलाज आरोग्यम में

### पेल्विक फ्लोर के इलाज का एक अत्याधुनिक तरीका

आजकल महिलाओं और पुरुषों में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों की कमजोरी एक सामान्य समस्या बन गई है, जिससे इनकंटिनेंस (पेशाब का नियंत्रण न रहना) जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत से उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन कीगल चेयर एक आधुनिक और प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। यह एक गैर-इनवेसिव (**non-invasive**) उपचार है, जिसे पेल्विक फ्लोर मसल्स को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



कीगल चेयर एक उच्च-तकनीकी चिकित्सा उपकरण है, जो पेल्विक फ्लोर मसल्स को सक्रिय करने और मजबूत करने के लिए **HIFEM** (**High-Intensity Focused Electromagnetic**) तकनीक का उपयोग करती है। यह तकनीक शरीर के अंदर गहरी उत्तेजना पैदा करती है, जिससे मांसपेशियों में संकुचन (**contraction**) और रिलेक्सेशन (**relaxation**) होता है, जो उन्हें मजबूत बनाता है। यह एक दर्दरहित और आरामदायक उपचार है, जिसमें कोई सर्जरी या दवाओं का इस्तेमाल नहीं होता। कीगल चेयर के फायदेः पेशाब पर नियंत्रण, तेज और सुविधाजनक उपचार, स्नातकों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी, यह पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिकवरी, सेक्सुअल डिस्फंक्शन, और पेल्विक दर्द जैसी समस्याओं में भी मदद कर सकती है।

advt

CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electri city Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE
सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए
97554 21861 , 0788-2990458
Book Appointment
07883500539
Emergency Number
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा 25 से खुज्जी में

**खुज्जी।** पंसारी परिवार ने होरीलाल पंसारी की स्मृति में 25 दिसंबर से श्री मद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया है। कथा वाचक पं. लक्ष्मी कांत तिवारी रायपुर होंगे। कार्यक्रम के तहत 25 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गो कर्ण कथा, 26 को परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 27 को ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, 28 को वामन अवतार, गजेंद्र मोक्ष, 29 को श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म, 30 को रुक्मणी विवाह, 31 को सुदामा चरित्र, 1 जनवरी को भागवत स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष, चढोत्री एवं 2 जनवरी को तुलसी वर्षा, गीता, हवन, सहस्त्र धारा, शोभा यात्रा एवं प्रसाद वितरण होगा।

### गांवों में लिंकेजेस कैंप का आयोजन

**बांधाबाजार।** डाक विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं मोबाईल क्रेचेस संस्था के तत्वावधान में विभिन्न गांवों में लिंकेजेस कैंप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का नया आधार कार्ड, आधार में मोबाईल लिंक करना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ खाता, आरडी खाता खोलना आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाना, योजना से जोड़ने विभागीय प्रक्रिया पूरा किया गया। कैंप के माध्यम से ग्राम आमाटोला में 22, पांडुटोला 25, झिटिया 21, मुंजाल 21, दुवालगुंडरा 16, तिरपेमेटा 4 , मांझीटोला 18, तेलीटोला 40, शिकारीटोला 19, मालडोंगरी 22, जोरातराई 12, केशला 22, बोईरडीह 12, सेम्हरबांधा 18, धानापायली में 18 बच्चों के दस्तावेज बनाया गया।



### बाबा के आदर्शों को करें आत्मसात

**छुरिया।** चिरचारीखुर्द में गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने बाबा और जैतखंभ की पूजा-अर्चना किया। इस मौके पर श्री साहू ने सतनामी समाज के लोगों से बाबा के उपदेशों को आत्मसात करने कहा। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण किया। अंत में सरपंच चित्ररेखा साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजू सिन्हा, चुम्मन साहू, प्रताप धावड़े, कामता प्रसाद गंगबेर, डुमेश्वर साहू, कृष्णा साहू, येंद्र साहू आदि उपस्थित थे।



### चिद्दों में श्रीमद भावगत कथा 25 से

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत चिददो में आगामी 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। कथावाचक पं. मनोज शर्मा भंडारपुर वाले होंगे। प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4.30 तक कथा का वाचन होगा। यह जानकारी डॉ.हनसराम पटेल ने देते हुए बताया कि आगामी 27 दिसम्बर को बाल योगेश्वर बालक दास कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन समिति ने लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### पंथी नृत्य प्रतियोगिता आज

**भंडारपुर।** पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों के तत्वावधान में कल 22 दिसंबर को किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल करेंगे। कार्यक्रम में निगम पार्षद कुलबीर छाबड़ा उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, श्रवण चक्रधारी, अनुसूया नागपुरे, खेमेश्वरी पुरुषोत्तम वर्मा, खुमान देशलहरा, उमाबाई सिन्हा, नवाज खान, कौशल्या देवलाल कंवर, ललित वर्मा, घनश्याम सिन्हा मौजूद रहेंगे। यह जानकारी हिरामन कोसरे, ईश्वर कोसरे ने दी।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों को मिला लाभ

**डोंगरगढ़।** जिला आयुष अधिकारी डां. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन और प्रभारी डां.आलोक कलचुरी के नेतृत्व में ग्राम करवरी में आयुष स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। शिविर में 877 लोगों की जांच और उपचार किया गया। आयुर्वेदिक पद्धति से 452, होम्योपैथी से 95 लोगों का उपचार कर निःशुल्क दवा दिया गया। शिविर में दंत क 60, रक्त जांच 175, नेत्र जांच 65 की गई। 30 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर का उत्घाटन सरपंच संतराम नेताम, जनपद सदस्य कचरू साहू, उपसरपंच उइके, प्रधानपाठक कन्हैया अग्रवाल आदि ने भगवान धन्वंतरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में डां. शोबी खान, डां योगेश्वरी ठाकुर, डां हर्षा बरैया, डां रहंगडाले, डां हेमलता वर्मा, डां मेघा मेश्राम, फिरोज खान, अलख राम, शिव राजेकर, संजय राजपूत, हर्ष सिन्हा, राकेश कुमार, डां रितिका, लकेश वर्मा, नेल्सन एंथोनी, राकेश साहू, भलावी, नरेंद्र साहू, रितिका झा आदि उपस्थित थे।



### गणित प्रश्नोत्तरी आयोजित

**डोंगरगढ़।** गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन गत दिनों पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के अरावली, नीलगिरी, शिवालिक एवं उदयगिरि सदन के छात्र एवं छात्रा शामिल हुए। पांच राउंड की स्पर्धा के प्रत्येक राउंड के पश्चात दर्शक दीर्घा में बैठे छात्र-छात्राओं से भी प्रश्न पूछकर जवाब देने वाले को पुरस्कृत किया गया। संचालन स्नेह अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य रूपेंद्र सिंह, ओपी चौरसिया एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

### कबड्डी स्पर्धा में खैरागढ़ टीम विजेता



**सड़क अतरिया।** भरदा गोड़ में कबड्डी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। समापन जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कामदेव जंघेल, कोसन कोसरे, केदार जंघेल, तुलाराम जंघेल, हिरामन जंघेल, कुबेर, योगेश कुमार, प्रकाश कुमार, बबलू, झरेन्द्र जंघेल की मौजूदगी में हुआ। स्पर्धा में 15 टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में खैरागढ़ टीम विजेता तथा रेगाखार की टीम उपविजेता बनी। मानिकचौरी ने तीसरा और चौथे स्थान पर भरदा गोड़ का टीम रही। विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, 7 हजार, 4 हजार और 3 हजार एवं ट्राफी दिया गया।

## पंचायत प्रतिनिधियों के प्रदर्शन से मचा हड़कंप

# उपेक्षा से मचा बवाल, जनपद सदस्यों ने गेट पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा नेताओं को खुश करने के फेर में जनपद प्रशासन ने शनिवार को अपनी फजीहत करवा लिया। जनपद पंचायत में व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण और दिव्यांगों को सामग्री वितरित किया जाना था। कार्यकारिणी के प्रस्ताव के खिलाफ जाकर अतिथियों को आमंत्रित करने के बाद बवाल मच गया और जनपद सदस्यों ने प्रवेश द्वार पर धरना देकर जमकर नारेबाजी किया।

जानकारी के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में सदस्यों ने अतिथि के तौर पर सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य और जनपद के सभी सदस्यों को आमंत्रित करना तय किया था। प्रस्ताव के विरुद्ध जाकर अतिथियों में फेरबदल कर भाजपा संगठन के नेताओं को बुला लिया गया था।

#### गूंजा बापू का भजन

मनमानी से नाराज जनपद सदस्यों ने धरना के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुति राघव राजा राम का गायन किया। प्रदर्शन के दौरान समूचे आयोजन पर विराम लगा रहा है और ट्रायसिकल मिलने की उम्मीद से आए दिव्यांग परेशान होते रहे।

### नारेबाजी से गूंजा जनपद परिसर




#### सदस्यों की अनुपस्थिति में शुभारंभ

जनपद प्रशासन ने निर्वाचित सदस्यों को ठेंगा दिखाते हुए उनकी गैर मौजूदगी में न सिर्फ कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया बल्कि ट्रायसिकल का वितरण भी कर दिया। इस आशय की जानकारी मिलने के बाद विधायक और अपनी उपेक्षा से गुस्साए सदस्य प्रवेश द्वार पर ही धरना देकर बैठ गए। इस दौरान सीईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। अचानक हुए घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक हल्के में हड़कंप मच गया और नायब तहसीलदार श्री खुटे, श्री सिद्धिक ने मौके पर पहुंचकर समझाइश देने का प्रयास किया किन्तु सदस्य धरना देकर बैठे रहे।

#### लगातार जारी मनमानी

धरना स्थल पर मीडिया से चर्चा करते हुए जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहआ ने बताया कि राजनीति से प्रेरित होकर जनपद प्रशासन मनमानी करने उतारू हो गया है। सामान्य सभा की बैठक में अधिकारी शामिल नहीं होते और न प्रस्ताव को उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाता है। बैठक में गोलमोल जवाब दिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि विधायक ने पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण का अध्यक्ष रहने के दौरान ट्रायसिकल के लिए राशि मंजूर करवाया था किन्तु उनकी भी अनदेखी कर दिया गया जो दुर्भाग्यजनक है। धरना में अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, मोहनीश साहू, नरबदबाई, सुशीला, दीबिका साहू, मोनिका साहू, मयंक यदु, कमल नारायण वैष्णव, मुरली निषाद, संजय मुटकुरे, प्रियंक जैन, किशोर बनाफर, भूषण देवांगन, संतोष निषाद, तिलक ठाकुर, रामचंद ठाकुर, लोकेश सिन्हा, पुरूषोत्तम साहू आदि शामिल हुए।

## अब तक 50 फीसदी धान पहुंचा सोसायटियों में



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान की सरकारी खरीदी शुरू हुए करीब एक महीना हो गया है। परिवहन नहीं होने के बाद जाम की समस्या से जूझते हुए समितियां अब तक करीब 50 फीसदी खरीदी कर चुकी है। केन्द्रों में दस करोड़ से अधिक का धान खरीदने के साथ करीब साढ़े तीन करोड़ की ऋण राशि किसानों से वसूल किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार खरीदी केन्द्रों में धान की आवक लगातार जारी है। केन्द्रों में अब तक छोटे किसानों की भीड़ रहती थी। टोकन मिलने के बाद बड़े किसान भी धान बेचने पहुंच रहें हैं। जानकारी अनुसार ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र में 765 किसानों से 43524 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इसी प्रकार संड़ी में 38802 क्विंटल, विचारपुर में 36219, कुकुरमुड़ा अतरिया में 31064, बकरकट्टा में 19734 तथा पैलीमेटा में 14041 किंवटल धान की खरीदी हो चुकी है। लगभग सभी केन्द्रों में 50 प्रतिशत खरीदी का लक्ष्य पूरा हो गया है।

#### परिवहन अब तक शुरू नहीं

धान खरीदी केन्द्र पैलीमेटा में अब तक धान का उठाव शुरू नहीं हुआ है। धान खरीदी शुरू होने के माह भर बाद भी धान का परिवहन नहीं होने से यहां जाम की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। यहां 320 किसानों से 14041 क्विंटल धान की खरीदी हो

#### थोक में डीओ जारी पर उठाव

धान खरीदी शुरू होने के माह भर बाद परिवहन के लिए थोक में डीओ जारी किया गया है परन्तु धान का उठाव काफी धीमा है। उपार्जन केन्द्रों में जाम की समस्या जस तस बनी हुई है। जानकारी अनुसार संड़ी से अब तक 3460 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। इसी प्रकार मोहगांव से 4440, विचारपुर से 6220, कुकुरमुडा अतरिया से 12284 तथा ठाकुरटोला से 21194 क्विंटल धान का उठाव हुआ है।

## सम्मेलन में किसान सम्मानित

### किसानों को विशेषज्ञों ने दिया जैविक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत पैलीमेटा में शनिवार को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जैविक खेती मिशन के तहत खंड स्तरीय कृषि मेला सह कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह तथा जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, तीरथ चंदेल थे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कृषकों को जैविक खेती करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने सरकार की योजना एवं उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार विश्वास की सरकार है। छत्तीसगढ़ भारत में ऐसा पहला राज्य है जहां किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ की दर से खरीदा जा रहा है। बीते एक साल में पक्के मकान बने हैं वहीं रोजगार के अवसर बढ़े हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि सरकार की पहल से पलायन रूका हैं। कृषक ऋण मुक्त हुए हैं। इस दौरान कृषि अधिकारी वीरेन्द्र डहरिया, उद्यानिकी अधिकारी रविन्द्र मेहरा, कृषि महाविद्यालय के डां. तामिल ठाकुर ने किसानों को जैविक खेती का महत्व, तरीका, रोग, उपचार एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया।




#### इन किसानों का सम्मान

सम्मेलन में विभिन्न गांव के कृषक जिन्होंने जैविक एवं उन्नत खेती तथा पशुपालन के क्षेत्र में प्रभावकारी कार्य किया है को सम्मानित किया गया। सम्मान हासिल करने वालों में मोहन नेताम, कंशाराम पोर्ते, बोधी वर्मा, रामाधार साहू, इंदरमन मरकाम, प्रकाश साहू, नारायण नेताम, रामचंद मेरावी, तोरण कंवर, जगेशर पाल, मन्नू मरकाम, गोपी बंजारे, विष्णु ठाकरे, शिव यादव, परासर ठाकरे, बजरंग पटेल, महेन्द्र यादव, ललित कुमार, रामाधार, समयलाल, नेहरू जंघेल, हेमलाल, सुखराम, भागवत, फलेश, कमलेश साहू आदि शामिल थे। इस मौके पर आनंद सिन्हा, आनंद पटेल, युवराज पटेल, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, संतन साहू, अनुज साहू, अमर सिंह, बंशी, केशलाल मंडावी, डेरहालाल, राम गुलाल, मोहित नेताम, धनेश साहू, रामाधार साहू, मायाराम साहू, बोधी वर्मा, परासर ठाकरे, शत्रुघ्न साहू, महेन्द्र यादव, मन्नु मरकाम, गगन अग्रवाल, गोपी बंजारे, कमल मेंरावी, ओमलाल साहू, विष्णु ठाकरे, शिव यादव, चन्द्र कुमार उइके, मोहित बजरंग, रघुराज ठाकुर, संदीप इंदूलकर, वीरेन्द्र जंघेल, प्रेमलाल, चन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### पैकेट बंद सामग्री का विक्रय बढ़ा, मापदंड का पालन नहीं

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र में इन दिनों तले खाद्य पदार्थो की बिक्री तेजी से बढ़ी है। शराब दुकान के आसपास सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर खोमचा ठेलों में खाद्य सामग्रियों को पॉलिथिन में पैक कर बेचा जा रहा है। खाद्य सामग्री का विक्रय किराना दुकानों में भी किया जा रहा है। इन सामग्रियों को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर तैयार किया जा रहा है। नामी कंपनियों के मिक्चर, खारी, पपड़ी, सोनपापड़ी, गुड़ पापड़ी, लड्डू, नारियल बरफी आदि की सप्लाई हो रही है। वहीं कई लोग अपने घरों में खाद्य सामग्री तैयार कर सप्लाई कर रहे हैं। तैयार खाद्य सामग्री के पैकेट में निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, मात्रा, मूल्य आदि का उल्लेख नहीं होता है। फुटकर व्यापारी अधिक कमाई होने के कारण इन सामग्रियों को धड़ल्ले से बेच रहे हैं। सर्वाधिक बिक्री स्कूलों के आसपास होती है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है। प्रशासन द्वारा खाद्य सामाग्रियों के निर्माण स्थल और गुणवत्ता की जांच नहीं किया जा रहा है।

## सोनसायटोला में रासेयो शिविर का आयोजन 23 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया है। गत 17 दिसंबर से आयोजित शिविर का समापन 23 दिसंबर को होगा। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत सोनसाय टोला की सरपंच नीतू कोलियारे ने किया। अध्यक्षता ग्राम पटेल मोहन भारद्वाज ने की। विशिष्ट अथिति अश्वनी साहू, कचरी यादव, अनिता यादव, धनाईबाई सिन्हा, विशाखा यादव थी।

अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना किया। स्वागत के बाद ग्राम पटेल ने स्वयंसेवको को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने प्रोत्साहित किया । मुख्य अतिथि ने शिविरार्थियों को राष्ट्रसेवा करने कहा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी विजय तेंभुरकर ने किया । शिविर में भूपेश यादव, चंद्रकुमार कुंभकार सहित 81 स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### छात्रों ने देखा भोरमदेव, सरोधा बांध



**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया के छात्रों ने शुक्रवार को कवर्धा जिला के प्राचीन भोरमदेव मंदिर एवं सरोधा बांध का शैक्षिक भ्रमण कर इतिहास एवं प्रकृति को नजदीक से जाना।

### चिकित्सा शिविर आज

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में वात, पित्त, कफ, नाडी के शुद्धिकरण और संतुलित आहार विहार हेतु धमधा धाम के डॉ. दिनेश साहू के सानिध्य में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कल 22 दिसंबर को नीचे मंदिर परिसर में आयोजित है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

हर खरीदी पर पाये आकर्षक उपहार
CORE i5 Desktop
10,999/- से शुरु
विज्ञापन की कटिंग लाने पर 10% विशेष छुट
बजाज फाईनेंस 7000रु. से अधिक की खरीदी पर उपलब्ध
सभी प्रकार के कम्प्यूटर बनाये व बेचे जाते है एवं सभी कंपनीयों के लैपटॉप, डेस्कटॉप, CCTV कैमरा व प्रिंटर उपलब्ध
intel SONY SAMSUNG DELL ASUS Lenovo hp logitech
प्रो. पंकज वर्मा, मो. 9827960529
पेन्टियम कम्प्यूटर्स
बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू , डोंगरगढ़ 491445
नियम व शर्तें लागू

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024



# आर्थिक अनियमितताओं में घिरे प्रबंधकों के भरोसे धान खरीदी, जांच में ढिलाई से कार्रवाई रूकी

## समिति प्रबंधकों के खिलाफ शिकायतें, उन्हें ही दोबारा समितियों का दिया गया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

हर साल होने वाली करोड़ों-अरबों रुपए की धान खरीदी इस बार आर्थिक अनियमितताओं में घिरे प्रबंधकों के सहारे की जा रही है। विगत सालों में जिन समिति प्रबंधकों के खिलाफ शिकायतें हुई और विभाग जांच कर रहा है, उन्हें ही दोबारा उन समितियों का प्रभार सौंप दिया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि दोबारा गड़बड़ी नहीं होने की क्या गारंटी है।

मिली जानकारी के अनुसार दोषियों को फिर से मिली जिम्मेदारी के बाद घुमका क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। समिति में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर जांच और नोटिस की प्रक्रिया से घिरे कुछ समितियों में संविदा कर्मचारियों को विगत वर्षों से खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुछ समितियों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को खरीदी प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्र के कुछ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी और संविदा कर्मचारियों पर लगातार आर्थिक अनियमितताओं को लेकर विभाग ने नोटिस जारी किया है और इनमें से कुछ समिति प्रभारियों के खिलाफ आर्थिक अनियमितताओं के मामलों में जांच चल रही है।

### बारदाना घोटाले में भी कई नाम

ज्ञात हो हाल ही में बारदाना घोटाला भी सामने आया है। सहकारिता उपायुक्त ने जांच का आदेश भी दिया था। जिसमें घुमका क्षेत्र की सहकारी समितियों में भी बारदाना की गड़बड़ी हुई है। पटेवा, भैंसातरा, मुरमुंदा, बघेरा, उपरवाह, पदुमतरा समेत कई समितियों में बारदाने की गड़बड़ी के आरोपों से घिरे प्रभारियों के खिलाफ उक्त मामले में जांच लंबित बताया जा रहा है। प्रभारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार संबंधित फड़ प्रभारियों ने अब तक अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया है।



### इस प्रकार की शिकायतें

संविदा और दैनिक वेतन कर्मचारियों पर बारदाने की अफरा-तफरी से लेकर खाद-बीज और खाद्यान्न वितरण, भंडारण और स्टॉक में घालमेल समेत कालातीत ऋणी कृषकों को ऋण वितरण बीमा राशि की वसूली संबंधित कई आर्थिक अनियमितताओं में जांच के बाद गड़बड़ी की खबर है। ऐसे हालात में दागी कर्मचारियों को जिम्मेदारी दिया जाना सहकारी समितियों के लिए घाटे का सौदा हो सकता है।

**कई सोसायटियों में शिकायत :** चूंकि बारदाना घोटाले की राशि की वसूली के लिए मार्कफेड ने समिति को मिलने वाले कमीशन की राशि कटौती कर लिया है। जिससे समितियां लगातार घाटे में जा रही है। खबरों के अनुसार वर्ष 2022 की धान खरीदी में गड़बड़ी के आरोप में भैंसातरा, पटेवा सोसायटी के कुछ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आगामी वर्ष की खरीदी से पृथक करने का स्पष्ट आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद उन्हीं के भरोसे खरीदी कराई जा रही है।

## गुम मोबाइल को पुलिस ने ढूंढकर किया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम 6 नग मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी को वापस दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद नायक के मार्गदशन एवं थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गुम मोबाइल पतासाजी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल लगभग 70,000 रुपए को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा ढूंढकर बरामद किया गया। थाना बसंतपुर में बरामद हुए सभी 6 नग मोबाइल को मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया।

## चिकित्सा शिविर कल

**राजनांदगांव।** अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट एवं अग्रहरि वैश्य समाज के तत्वावधान तथा गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा 23 दिसम्बर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अग्रहरि भवन गुरूद्वारा रोड फौव्वारा चौक राजनांदगांव में पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा निःशुल्क परीक्षण व परामर्श का आयोजन किया गया है। जिसमें गव्यसिद्ध चिकित्सक तथा मर्म एवं कायरो विशेषज्ञ द्वारा रोगियों का नाड़ी परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा मर्म एवं कायरो चिकित्सा की जाएगी। आयोजन समिति द्वारा पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा निःशुल्क परीक्षण व परामर्श का लाभ लेने की अपील की गई है। पंजीयन के लिए 9827187703 पर संपर्क कर सकते हैं।

### माय एंगल




### आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले में संदेही था मृतक पुलिस कर्मी

# आरक्षक ने की आत्महत्या, हाथ पर लिखा अफसरों को बचाकर कर्मियों को फंसा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आठवीं बटालियन में चल रही पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान लेन-देन और धांधली के संदेह में घिरे एक पुलिस जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह लगभग 6 बजे पुलिस आरक्षक का शव ग्राम रामपुर के समीप एक खेत में पेड़ से झूलता पाया गया। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरक्षक के परिजनों की उपस्थिति में शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। इस दौरान मृतक के हाथ पर लिखे उसके कथन से हड़कंप मच गया है।

राजनांदगांव में पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षा में टाइमिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से डेटा एंट्री में कुछ अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने ही इस मामले में शहर के लालबाग थाना में एफआईआर कराया था और मामले की पूरी जांच की जा रही थी। जिसमें लगभग 20 अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाना प्रतीत हो रहा था। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, धांधली और लेन-देन के संदेह के दायरे में प्रक्रिया से जुड़े लोग आए हैं। इन्हीं में 14 पुलिस आरक्षक जो भर्ती प्रक्रिया में ड्यूटी कर रहे थे, उनकी भूमिका को भी संदेह में रखकर जांच की जा रही थी। इसी बीच उनमें से एक आरक्षक द्वारा आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### कुछ अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए जाने का मामला



### हाथ पर लिखा था फंसाया जा रहा है

परिजनों के सामने पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक आरक्षक के हाथ पर लिखा हुआ पाया गया कि भर्ती ड्यूटी में कर्मचारी को फंसाया जा रहा है और अधिकारी को बचाया जा रहा है, सब इंवॉल्व है। मृतक आरक्षक द्वारा अपने हाथ पर ऐसा लिखे जाने से साफ हो गया है कि उसने इस भर्ती प्रक्रिया की जांच में फंसाए जाने को लेकर आत्महत्या की है।

### परिजनों के आने पर उतारा शव

मृतक आरक्षक अनिल रत्नाकर सरायपाली बसना क्षेत्र का निवासी था और खैरागढ़ जिले के जालबांधा पुलिस चौकी में पदस्थ था। आज सुबह उसका शव बेल्ट और गमछे के सहारे से फांसी के फंदे में झूलता मिला था। आरक्षक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना उनके परिजनों को देने के बाद परिजनों ने अपने पहुंचने के बाद ही शव को फंदे से उतरने की बात पुलिस से कही थी। दोपहर लगभग 3 बजे जब मृतक का भाई और अन्य परिजन पहुंचे, तब शव को फंदे से उतारकर पंचनामा बनाया गया।

### सभी पर चल रही जांच

इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि 16 नवंबर से आरक्षक भर्ती चल रही है। भर्ती प्रक्रिया में मृतक आरक्षक की लॉन्ग जंप में ड्यूटी लगाई गई थी। इस भर्ती में फर्जी डेटा एंट्री मिली थी। जिसमें कैंडिडेट के डेटा बदले गए थे। जिसको लेकर एफआईआर कराया गया था और जांच की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी से पूछताछ की जा रही थी। मृतक ने अपने हाथ पर कर्मचारियों को विवेचना में टारगेट करने और अधिकारियों को बचाने की बात लिखी है। सारे अधिकारियों की जांच की जा रही है। जिनके खिलाफ साक्ष्य मिलेंगे, कार्रवाई होगी।

## पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़ा चार पुलिस जवान सहित छह आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा की भर्ती प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी पाए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस बल आरक्षक संदर्भ चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 की भर्ती प्रक्रिया के दौरान भर्ती समिति की इंटर्नल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर पुलिस द्वारा लालबाग थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी ध्रुर्वे, पवन कुमार साहू, आरक्षक योगेश कुमार धुर्वे व आरक्षक परिधि निषाद के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में लगातार जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### गड़बड़ी का मामला आया था सामने

ज्ञात हो कि 8वीं बटालियन पेंड्री में राजनांदगांव रेंज स्तर की जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 की भर्ती प्रकिया का प्रथम चरण अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 नवंबर से चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भर्ती में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आने के बाद इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

## जब्त 102 मॉडिफाइड साइलेंसर यातायात पुलिस ने किया नष्टीकरण

**राजनांदगांव।** यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में अभियान चलाकर बाइक में लगे माडिफाईड साइलेंसर पर कार्रवाई की गई थी। जिसके तहत 102 साइलेंसर जब्त किया गया था, जिसे नष्ट किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात स्टॉफ द्वारा लगातार बुलेट वाहन चालक द्वारा मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर फटाके जैसे आवाज निकालकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले 102 वाहनों का साइलेंसर जब्त किया गया था।



### रोड रोलर चलाकर किया नष्टीकरण

जिसे रोड रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया। मॉडिफाईड साइलेंसर के 8 वाहन चालकों का ईश्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश करने पर 82000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। शेष वाहन चालकों का मौके पर कार्रवाई कर दोबारा मॉडिफाईड साइलेंसर नहीं लगाने समझाईश दिया गया। मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जाएगा। यातायात पुलिस की सभी बुलेट वाहन चालकों से अपील है कि अपनी कंपनी से लगी हुई साइलेंसर लगाकर ही चलाएं।

## आठ टीमों के बीच चली प्रतियोगिता जेसीएल का आज फाइनल मुकाबला, मिलेगा नया चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जैन युवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित जैन सुपर लीग में रोमांच हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को खेले गए चार मुकाबलों में बल्ले और गेंद के बीच जबर्दस्त संघर्ष देखने को मिला।

इन चार मैच में महावीर इंडियंस, गोपाल एग्रो, प्रकाश ऑटोमोबाईल्स एवं एक्वा विलेज ने अपने-अपने मैच में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता को भव्य रूप देने के लिए लाईव स्कोरिंग के साथ ही इसका लाईव प्रसंकरण भी यू-ट्यूब के माध्यम से कराया जा रहा है। प्रतियोगिता की भव्यता का असर है कि शहर से बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक भी मैदान में देर रात तक मैच का आनंद ले रहे हैं।

जैन युवा फाउंडेशन से मिली जानकारी के अनुसार जैन सुपर लीग सीजन-2 के तहत आठ टीमों के मध्य 16 से 22 दिसंबर के मध्य राउंड रोबिन के तहत मुकाबले कराए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जैन समाज के युवाओं सहित बड़ी संख्या में अधेड़ उम्र के खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में टॉप की चार टीमों के मध्य आज सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

### दूधिया रौशनी में हो रहा मैच

सनसिटी स्थित मैदान में जैन सुपर लीग के मुकाबले दूधिया रौशनी में खेले जा रहे हैं। रोजाना शाम चार मैच हो रहे हैं। खास बात यह है कि इन मैच का यू-ट्यूब के जरिये सीधा प्रसारण भी किया जा रहा है। आयोजन समिति ने भी सभी खेलप्रेमी दर्शकों से बड़ी संख्या में खेल का लुत्फ उठाने के लिए मैदान पहुंचने की अपील की है।

### सकल समाज का भी टूर्नामेंट

इधर जैन युवा फाउंडेशन द्वारा ही जैन सुपर लीग के पश्चात सामाजिक एकता का उदाहरण देते हुए एक सकल समाज का क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित कराया जा रहा है। 23 से 25 दिसंबर के मध्य चलने वाली इस प्रतियोगिता में जैन समाज, अग्रवाल समाज, महेश्वरी समाज, सिख समाज, सिंधी समाज के अलावा ब्राह्मण समाज की टीमें शामिल हो रही है।

### लंबित अपराधों का अभियान चलाकर निराकरण के दिए निर्देश

# एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, कहा: लंबित अपराधों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग लेकर 1 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराधों का अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। क्रिसमस एवं नववर्ष त्यौहारी सीजन के मद्देनजर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण, अपराध की रोकथाम हेतु सख्त निर्देश दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला केसीजी में 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते नितेश कुमार गौतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़-गंडई लालचंद मोहले एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया।



### संदिग्धों का लें-फिंगरप्रिंट

थानों में पंजीबद्ध अपराधों, शिकायतों व मर्ग का अधिक से अधिक निकाल करने, लंबित चालानों को माननीय न्यायालय में अविलंब पेश करने, समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी जानकारी प्रदान करने, अपराध नियत्रंण हेतु पूर्व में गिरफ्तार व संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों एवं गांजा तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिससे आम जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाए।

### असामाजिक गतिविधियों पर रखे नियंत्रण : एसपी

वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमों का पालन किया जा सके, इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई। साथ ही क्रिसमस एवं नववर्ष के मद्देनजर असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण एवं अपराध रोकने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। उपरोक्त मीटिंग में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायतों का करें शीघ्र निकाल

मीटिंग के दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते थानों में लंबित अपराधों एवं शिकायतों को शीघ्र निकाल करने, विवेचना में ई-साक्ष्य ऐप्लीकेशन के उपयोग के साथ ही रोड ऐक्सिडेंट मामले में आई रेड पोर्टल में एंट्री करने हेतु विशेष हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सायबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बों में समर्थ अभियान के तहत सायबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इसके अतिरिक्त सायबर संबंधी अपराधों के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता के समस्याओं का निराकरण करें।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सार समाचार

### पुलिस भर्ती में भ्रष्टाचार, सांसद की चुप्पी समझ से परे



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने राजनांदगांव में पुलिस भर्ती में भ्रष्टाचार को लेकर धमाकेदार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के पुलिस भर्ती को भ्रष्टाचार के चलते रद्द किया जाए। पिंटू ने कहा कि अगर निष्पक्षता से भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से कराई जाए तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। इस पूरे मामले में भाजपा सांसद संतोष पांडे की चुप्पी समझ से परे है।

### पेंशनरों ने मनाया पेंशनर दिवस



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के नगर निगम एवं नगर पालिका के पेंशनरों ने प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के आमंत्रण पर 17 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम रायपुर में स्थित संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन के कार्यालय के नीचे सभागार में गरिमापूर्वक पेंशनर दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनर दिवस पर संघ का साधारण सभा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राजनांदगांव, महासमुंद, तखतपुर, मुंगेली, सकती, धमतरी, भांटापारा, नैला, तिल्दा नेवरा, बागबाहरा, कांकेर, गोबरा-नवापारा के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### कमला कॉलेज में इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत इंडोर प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर को किया गया। जिसके अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को अपने संबोधन में शासन द्वारा दिए गए खेल सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

### विद्यार्थियों को दी पाठयक्रम की जानकारी



**लालबहादुर नगर।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुरनगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान संयोजक प्रो मनोहर बोकडे, दल सदस्य अरुण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, रूपरेखा अनुरूप कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। अभियान के तहत गत दिनों उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला तथा लाल बहादुर नगर की कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नवीन पाठ्यक्रम आदि ने अवगत कराया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला में सोनल नागवंशी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रायोगिक लैब, कंप्यूटर लैब, ग्रंथालय तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। राजेश चक्रधारी ने छात्र-छात्राओं को विषय चयन उपरांत कैरियर पर मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय की पूजा देवांगन ने उपलब्ध संसाधनों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से परिचय कराया। हेमप्रकाश, लता यादव, उमेश रजक एवं अन्य ने विचारों का आदान-प्रदान किया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बीपीएल, पोस्ट मैट्रिक, एनपीएस, नैनीहाल, दिव्यांगजन, मेरिट बेस छात्रवृत्ति आदि की जानकारी सूर्यकांत वर्मा ने दी। गठित दल ने छात्र छात्राओं एवं प्राचार्य केआर चंद्रवंशी से अभियान के लिए फीड बैक लिया। अंत में अरुण साहू ने आभार व्यक्त किया। संपर्क अभियान में प्रो बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड, नम्रता परीक्षा, कविता यदु आदि सहयोग दे रहे हैं।

### एसपी ने शतरंज खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**राजनांदगांव।** शहर में चल रही राष्ट्रीय महिला शतरंज स्पर्धा में आज तीसरे दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बतौर अतिथि अपनी उपस्थिति से विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन भवन में पुलिस कप्तान का स्वागत अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, संरक्षक सुशील पसारी, प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली, अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने किया। श्री गर्ग को इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट के बारे में शतरंज गुरु विनोद राठी ने विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने कहा कि शतरंज एकाग्रता और अनुशासन का खेल है, जीवन में सफलता का यही मूलमंत्र है।

### साहू समाज को किया दरकिनार : नूनकरण साहू



**खैरागढ़।** मंडल अध्यक्ष को लेकर भाजपा की सूची को लेकर अंदरूनी खाने में ही शिकवा शिकायतों का दौर शुरू हो चुका है। समितियों में प्राधिकृत नियुक्ति सूची में जिला अध्यक्ष टीलेश्वर साहू की ऊँगली उठाने के बाद साहू समाज के जिला महामंत्री व पूर्व मंडल भाजपा अध्यक्ष नूनकरण साहू ने जिले में साहू समाज के लोगों को सोसायटी अध्यक्ष के बाद अब भाजपा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति मे पर्याप्त तरजीह नही देने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए नाराजगी व्यक्त किया है। नूनकरण साहू ने कहा कि समिति अध्यक्षों को लेकर भाजपा ने मनोनित सदस्यों की लिस्ट जारी की थी उसमें 38 सोसायटी मे सिर्फ 2 टोलागांव व हनईबन समिति में ही समाज के व्यक्ति को जगह दी गई है।

अब भाजपा ने 7 मंडल मे सिर्फ 1 मंडल में ही साहू समाज के व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो जिले में सबसे बड़ा समाज है। श्री साहू ने कहा कि लगातार एक के बाद एक करके समाज का अपमान किया जा रहा है जबकि भाजपा में सबसे ज्यादा संख्या में साहू समाज के लोग ही शामिल है।

### प्रबोध अध्यक्ष, मुकेश जिलाध्यक्ष मनोनीत




**राजनांदगांव।** प्रबोध गुप्ता को बजरंग सेना का प्रदेश अध्यक्ष (गौ रक्षा) एवं मुकेश मरकाम को बजरंग सेना का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उक्त जानकारी बजरंग सेना के प्रदेश महामंत्री नरेश कोचरे ने दी।

## कार्यकर्ता सम्मेलन, जिला अस्पताल गंडई में खोलने की मांग

# हास्पिटल के लिए कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिगेश यादव के नेतृत्व में वार्ड 7 स्थित जायसवाल कांप्लेक्स में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय को गंडई में खोलने की मांग प्रमुखता से उठाया।

कार्यक्रम के बाद कांग्रेसजन, नगरवासी और ग्रामवासियों ने एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए जिला चिकित्सालय की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते पैदल भ्रमण किया। सभी बाजार क्षेत्र से होते हुए तिरंगा चौक से सभा स्थल पहुंचे। यहां वक्ताओं ने गंडई में जिला चिकित्सालय की मांग को लेकर अपनी बात रखा। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि गंडई लंबे समय से उपेक्षित रहा है। हमारे पूर्वजों ने गंडई क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियां प्रदान किया है। नगर में जितनी भी सरकारी संस्थाएं हैं वह उनके पूर्वजों की देन है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी ने क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाया। कांग्रेस ने गंडई क्षेत्र का जो विकास किया वह भाजपा के पदाधिकारी नहीं कर सके। उन्होंने सांसद संतोष पांडे से मांग जिला चिकित्सालय या उसके समतुल्य हॉस्पिटल खुलवाने की मांग किया। ब्लॉक अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सभी गंडई में जिला चिकित्सालय खोलने की मांग करते रहेंगे। पार्षद दिलीप ओगरे ने भी जिला चिकित्सालय की मांग को आवश्यक बताया। वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र जायसवाल ने बताया कि छुईखदान और खैरागढ़ हॉस्पिटल में प्रतिदिन औसतन 40 से 50 पर्ची कटती है जबकि गंडई हास्पिटल में लगभग 80 मरीजो का पंजीयन होता है जिसे देखते हुए चिकित्सा सुविधा का विस्तार होना जरूरी है।




**बजाया थाली**

महिला कांग्रेस अध्यक्ष रुक्मणी देवांगन ने उद्बोधन के दौरान प्रदेश सरकार को जगाने के लिए चम्मच से थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। अंत में आभार प्रदर्शन बांकेलाल वर्मा ने किया। कांग्रेसजनों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, भिगेश यादव,अय्यूब कुरैशी, सुरेंद्र जायसवाल, बांके वर्मा, संजूसिंह चंदेल, दामोदर जायसवाल, क्रांति ताम्रकार, मोहसिन खान, लियाकत अली, रुक्मणी देवांगन, मंजू नेताम, चेतन देवांगन, अमित टंडन, नारायण चतुर्वेदी, दिलीप ओगरे, रिंकू दुबेले, मिथलेश साहू, पुनेंद्र साहू, नवीन चौबे,उषा रात्रे, हेमलता ठाकुर, टीकम साहू, उबारन मांडले, महावीर वर्मा, लता देवांगन, वेदांत यदु, अमन सोनी, अशरफ सिद्धिकी, ताराचंद बंजारे, धर्मेंद्र मंडावी, कुमार पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### पैलीमेटा में कबीर कुटिया का उद्घाटन



**सड़क अतरिया।** धान उपार्जन केंद्र पैलीमेटा में साढ़े तेरह लाख की लागत से बनी किसान कुटिया का लोकार्पण शनिवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, आनंद पटेल, युवराज पटेल, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, संतन साहू, अनुज साहू, अमर सिंह, बंशी, केशलाल मंडावी, डेरहलाल, रामगुलाल, मोहित नेताम, धनेश, रामाधार साहू, मायाराम साहू, बोधी वर्मा, पारासर ठाकरे, शत्रुहन साहू, महेंद्र यादव, मन्नू मरकाम. गगन अग्रवाल, गोपी बंजारे, कमल मेरावी, ओमलाल साहू, विष्णु ठाकरे, शिव यादव, प्रेमलाल, चंद्र कुमार आदि शामिल हुए।

### धान खरीदी बंद होने के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठेंगे कौशिक



**मोहला।** मानपुर विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला में विगत 12 दिसंबर से धान खरीदी अनवरत बंद है। जिसके विरोध में क्षेत्र के देवानंद कौशिक ने किसानों की समस्याओं को देखते जब तक शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी शुरू नहीं किया जाता, तब तक भूख हड़ताल में बैठने की सूचना प्रशासन को दिया है।

ज्ञात हो कि भर्रीटोला समिति ही नहीं अपितु जिलेभर में धान खरीदी बंद की स्थिति में है। जिसका मुख्य कारण मिलर्स द्वारा धान के उठाव नहीं होने का हवाला समिति द्वारा दिया जा रहा है। शासन- प्रशासन के इन सब बातों से किसानों को अपना उपज बेचने इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक क्षति हो रही है। जिसके विरोध में ग्राम फुलकोडो निवासी देवानंद कौशिक ने धान मंडी परिसर शांतिनगर भर्रीटोला में कल 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे से धान खरीदी शुरू होने तक भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया है।

ज्ञापन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी

वार्ड के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# पेन्ड्री क्षेत्र में शराब दुकान का विरोध विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक ओर शहर का पेन्ड्री वार्ड एजुकेशन हब के रूप में विकसित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर अब यहां शराब दुकान खोले जाने का मामला भी सामने आ रहा है। जिसको लेकर वार्ड के लोगों में आक्रोश है। वार्ड में शराब दुकान नहीं खोलना, को लेकर वार्ड विकास समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया है।

पेन्ड्री वार्ड के लोगों ने कहा है कि शहर के रेवाडीह चौक के पास स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को पेंड्री में शिफ्ट किए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए एजुकेशन हब के रूप में विकसित एकलव्य आवासीय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय से लगे क्षेत्र में जगह तलाशी जा रही है। इस क्षेत्र में आईटीआई, उद्यानिकी महाविद्यालय, महिला पालीटेक्निक के साथ ही प्रायमरी से हाईस्कूल भी है। साथ ही अन्य शैक्षणिक संस्थाएं भी है। ऐसे में वार्ड के लोगों ने यहां शराब दुकान नहीं खोले जाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह से की है।



**धार्मिक भावनाओं को दृष्टिगत रखने की मांग**

पेंड्री में धार्मिक स्थल के रूप में गुरु घासीदास बाबा का जैतखाम भी स्थापित है। हनुमान मंदिर समेत अन्य देवस्थान भी है। वार्ड के लोगों का कहना है कि ऐसे क्षेत्र में शराब दुकान खोलने की अनुमति शासन द्वारा नहीं दी जानी चाहिए। वार्डवासियों ने कहा कि शराब दुकान को पेंड्री में ले जाने की योजना है। इसके लिए निविदा जारी की गई है।

**शराब दुकान का विरोध**

पेन्ड्री वार्ड के लोगों द्वारा एक बैठक के माध्यम से प्रस्तावित शराब दुकान का कड़ा विरोध किया गया है। वार्ड लोगों ने 18 दिसंबर को घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपा है।

**मामले में अब तक कोई निर्देश नहीं**

विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन देने के बाद भी शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर किसी प्रकार का निर्देश जारी नहीं किए जाने के मामले में वार्ड के लोगों ने इस ओर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की है।

## 10 करोड़ की हेराफेरी के आरोपियों को बचाना क्या सुशासन है

- सर्वोच्च न्यायालय, पीएमओ, अमित शाह से होगी शिकायत



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छग की भाजपा सरकार की सुशासन की ढोंग का सुशासन सप्ताह में पोल खोलते कहा कि सहारा इंडिया के 10 करोड़ रुपए के चेक बाउंस के मामले में आरोपियों को बचाने जिस प्रकार काला-पीला किया गया। जिला न्यायालय के आदेश के बाद भी राशियों का भुगतान नहीं हो पाया है। इस मामले में प्रशासनिक तंत्र सर्वोच्च न्यायालय और अमित शाह के विभाग सहकारिता को अपने कुकर्म से बचने का आड़ बनाने का घिनौना खेल-खेलकर जिले के कलेक्टर को भी गुमराह कर मामले को गोल-गोल करने पर आमादा है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीधे तौर पर सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार पर आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में चिटफंड कंपनियों में डूबी जनता की जमा पूंजी दिलाने की जो माहती मंशा का कार्य प्रारंभ हुआ था, कतिपय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस महती योजना को चोंट पहुंचाते जनता को प्राप्त होने वाली राशियों पर बाधा पहुंचाकर शासन की मंशा एवं जनता के हितों पर चोंट पहुंचाने का काम किया। राजनांदगांव जिला प्रशासन को सहारा इंडिया कंपनी की शिकायत और एफआईआर के बाद सहारा के व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद पांच करोड़ आरटीजीएस एवं पांच-पांच करोड़ के दो चेक प्रदान किए गए थे और उसी के आधार पर जिला न्यायालय राजनांदगांव से आरोपियों को जमानत पर आपत्ति नहीं होने के कारण 18 मई 2022 को जमानत का लाभ मिला था। साथ ही उस आदेश में जिला न्यायाधीश ने कलेक्टर राजनांदगांव को शीघ्रातिशीघ्र 15 करोड़ की राशि सुसंगत जमाकर्ताओं को विधिवत लौटाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, का स्पष्ट निर्देश दिया था, पर प्रभारी अधिकारी ने न्यायालय के आदेश का अपमान करते मौन साधे बैठे रहे। उसके बाद 10 करोड़ के चेक 19 जून और 24 जून को बाउंस होने पर जिला प्रशासन के प्रभारी अधिकारी ने ना तो चेक बाउंस का मामला न्यायालय में पेश किया और तो और सहारा इंडिया की ओर से चेक में हस्ताक्षरकर्ता ने 15 जुलाई 2022 को सितंबर 2022 तक समय मांग करते पत्र लिखा था। समय समाप्त होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते जिले के शिकायतकर्ता, सुसंगत हितग्राहियों को 15 करोड़ की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है और अब शिकायत करने पर जिले के प्रकरण प्रभारी अधिकारी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते और अमित शाह के विभाग सहकारिता का हवाला देकर अपने कुकर्मों को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय, पीएमओ कार्यालय और विभागीय मंत्री अमित शाह को दस्तावेजी शिकायत कार्रवाई हेतु प्रेषित जाएगी, ताकि देश व प्रदेश में भाजपा की सुशासन के ढोंग का खुलासा जनता के सामने सार्वजनिक हो।

**बताया ध्यान के बारे में**



गंडई पंडरिया। गंडई महाविद्यालय में ध्यान दिवस मनाया गया। क्रीड़ा विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग के तत्वावधान में सभी छात्र छात्राओ को ध्यान लगाना सिखाया गया। क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य ने ध्यान के बारे में विस्तार से बताया। प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा ने मन को नियंत्रित करने की जानकारी दी। इस दौरान टीएल वर्मा, जीके कौशिक, बीआर वर्मा, प्रदीप कुमार अमिला सहित अन्य मौजूद थे।




## समस्या निराकरण को लेकर चर्चा

- परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण व शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर विकास खंड स्तरीय परामर्श समिति की बैठक बीईओ नीलम सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुई। जहाँ शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इससे पहले तिमाही बैठक मे 17 बिंदुओं पर समस्याओं की समीक्षा दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने बताया कि उसमे लगभग बारह बिंदुओं पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए निराकरण कर दिया गया है। शेष बिंदुओं पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कारवाई की जा रही है। बैठक में संविलियन से पूर्व कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका मे परिवार सूची के अद्यतन, नॉमिनेशन दो गवाहों के बीच हस्ताक्षर कर पूरा करने और एक ही दिन मे नियुक्ति व कार्यभार ग्रहण करने के बावजूद वेतन विसंगति को लेकर डॉ कमलेश्वर सिंह ने बात रखी जिस पर बीईओ ने कहा कि दो गवाहों के बीच हसताक्षर की प्रक्रिया जिन शिक्षकों ने पूरी नही की है वे कार्यालयीन समय मे संबंधित लिपिक से संपर्क कर कारवाई पूरी कर सकते है। बैठक में सुजीत सिंह चौहान, प्रणय महोबे, दिगेश दीक्षित, कोमल कोठारी, भगवती प्रसाद सिन्हा, भुनेश्वर ठाकुर, रविंद्र सिंह गहरवार उपस्थित थे।



**स्कूल से गायब रहना पड़ेगा महंगा**

समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रामलाल साहू ने संकुल समन्वयकों द्वारा ग्रीष्म ऋतु काल में सेवा करने पर नियमानुसार अतिरिक्त अर्जित अवकाश प्रदान करने संबंधी विषय को लेकर बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने बताया कि उच्च कार्यालय से अर्जित अवकाश प्रदान करने के आदेश बाद ही यह हो सकता है। शिक्षकों के जीपीएफ कटौती पास बुक तैयार करने और उनमे माहवार जमा राशि की प्रविष्टि करने प्रत्येक संकुल से दो दो शिक्षकों का चयन कर उन्हें पास बुक भरने प्रशिक्षण देने, उच्च शिक्षा की अनुमति को लेकर हर सत्र मे जुलाई महीने तक आवेदन करने और उच्च शिक्षा अर्जित करने के बाद आवेदन के अमान्य होंने की जानकारी देते हुए बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने संघ पदाधिकारियों से अपील कि शिक्षकों संवर्ग की विकास खंड स्तर की समस्या को लेकर स्कूल समय के बाद मुझसे मिलकर निराकरण करा सकते है परंतु किसी भी स्थिति मे स्कूल में अध्यापन कार्य अवरुद्ध नहीं होना चाहिए। उन्होंने शिक्षक /शिक्षिकाओं को अपनी चल अचल सम्पति की जानकारी सीजीस्कूल डॉट इन मे अनिवार्य रूप से प्रविष्ट करने की अपील साथ शाला मे शिक्षक शिक्षिकाओं की निर्धारित समय तक उपस्थिति बनाए रखने की अपील की वही बिना किसी सूचना या आवेदन के शाला मे नदारद रहने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कारवाई करने की जानकारी दी।

### श्रमदान से स्कूल भवन में होगा रंग-रोगन

**राजनांदगांव।** पेंटर के श्रमदान से शहर के नंदई चौक स्थित शास्कीय प्राथमिक शाला में रंग-रोगन अभियान इंडिगो पेट्स के सहयोग आयोजित किया जा रहा है। जिससे स्कूल में रंग-रोगन कर स्कूल भवन को नया रूप के साथ ही बच्चों को स्वच्छ वातावरण देने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था द्वारा 22 दिसंबर की सुबह 8 से शाम 4 बजे तक यह आयोजन किया जाएगा।

### अपर कलेक्टर ने किया प्रशिक्षण का अवलोकन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के संबंध में डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया में अधिकारी-कर्मचारियों को दिए जा रहे सामान्य प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अपर कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर्स से दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता व कटिबद्धता के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मान प्राप्त।

## अब मरीजों को नहीं लगानी पड़ती है महानगरों की दौड़ किडनी और मूत्र रोगों के सफल उपचार के बाद हृदय रोगियों के लिए शहर का सबसे बड़ा विश्वसनीय संस्थान

*भिलाई। आरोग्यम अस्पताल किडनी व मूत्र संबंधी रोगों के उपचार में दिन पर दिन नया रिकार्ड बना रहा है। सर्वसुविधायुक्त इस हॉस्पीटल में सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम द्वारा कम खर्च में लोगो को वो सारी सुविधाएं दे रहा है जिसके लिए मरीज बड़ी रकम खर्चकर बाहर जाकर ईलाज कराते थे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. नवीन दारुका के मुताबिक उनकी सुविधाओं के लिए संभाग ही नहीं प्रदेश के कोने-कोने से गुर्दा व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। आरोग्यम की एक बड़ी सफलता यह रही कि कुछ दिन पहले ही दुर्ग जिले का एकमात्र संस्थान बन गया है जो क्वालिटी और स्टैंडर्ड मेंटेन करने आरोग्यम को **NABH** ( नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थ केयर) की फाइनल मान्यता मिल चुकी है। संस्थान को यह राष्ट्रीय मान्यता सभी विभाग के सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम एक ही छत के नीचे स्वास्थ सेवा के सभी मापदंडों का पालन करने के लिए दिया गया है। आने वाले नए साल में हॉस्पिटल में हार्ट सर्जरी और निसंतानो के लिए **IVF** पद्धति से मेल व फीमेल दोनो का एक साथ ट्रीटमेंट करने के साथ ही लीवर ट्रांसप्लाट की भी सुविधा मिलेगी। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण आरोग्यम हॉस्पिटल ट्रामा/आपातकालीन स्थिति के लिए सबसे किफायती एवं विश्वसनीय संस्थान के रूप में जाना पहचाना नाम बन चुका है। इस अस्पताल की सुविधाओं से राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और कवर्धा जिले के ही नहीं संभाग के सभी जिले सहित प्रदेश के बाहर से आए लोगों को लाभ मिल रहा है। पिछले चार महीने में यहां के विशेषज्ञों की टीम ने कमाल किया है। किडनी ट्रांसप्लांट जो कि पहले प्रदेश से बाहर संभव होता था, एक नहीं दो-दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर दिखाया है। यह अस्पताल संभाग का पहला किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाला अस्पताल बन गया है।*



*"मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में अग्रणी बनाना है, जिसमें हम प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय ,बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।"*

## 24 घंटे विशेषज्ञों की टीम मुश्तैदी से तैनात

**डॉ. आकाश बक्शी**
( वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व सर्जन)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. जीवन लाल घीदले**
( वरिष्ठ पेट, आंत, लिवर एवं पित्त नली के पथरी रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. कुलदीप सिंह**
(नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक।

**डॉ. आर के साहू**
(वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
सोमवार से शनिवार **OPD Timing** सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।

**डॉ. एसके सेठी**
(जनरल मेडिसिन एवं किडनी परामर्श विशेषज्ञ)
**OPD Timing** प्रत्येक मंगलवार व शनिवार शाम 6 बजे से 9 बजे तक।

**डॉ. नवीन दारुका**
( वरिष्ठ मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार सुबह 8 से रात 10 बजे तक।)

**डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई)**
(निसंतानता, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. तरुण नायक, डॉ. रूपनारायण साहू**
( वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक।

**डॉ. राजेश सिंघल**
(जनरल मेडिसिन, हाइपरटेंशन, शुगर, थायराइड रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. विशाल अग्रवाल**
(जनरल मेडिसिन,शुगर, आईसीयू, ब्लड प्रेशर विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार शाम 6 से रात 9 बजे तक।




## दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरणः डॉ. आकाश बक्शी

### आपके दिल का सच्चा साथी



दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में एक नई उम्मीद का सूरज उग चुका है। **वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आकाश बक्शी** के नेतृत्व में अब यहां दिल से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञता के साथ किया जा रहा है। **डॉ. आकाश बक्शी**, जो कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में वर्षों से अनुभव रखते हैं, अपने मरीजों के लिए नए इलाज के तरीके और जीवनशैली से जुड़ी सलाह देने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका मानना है कि दिल की बीमारियों का समय रहते इलाज और सही जीवनशैली के पालन से उपचार किया जा सकता है। आरोग्यम हॉस्पिटल में अब उच्चतम स्तर की कार्डियोलॉजिकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जैसे एंजियोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, हार्ट फेल्योर का इलाज, और दिल के दौरे से बचाव के लिए विशेष कार्यक्रम। डॉ. बक्शी ने इस पहल पर कहा, दिल की बीमारियां अब एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, लेकिन सही समय पर इलाज और जीवनशैली में बदलाव से हम इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में हमारे पास ऐसी तकनीकें और विशेषज्ञता है जो मरीजों के दिल के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में डॉ. आकाश बक्शी के नेतृत्व में दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह एक नई आशा की किरण बनकर उभरी है, और यह हॉस्पिटल अब दिल के मरीजों के लिए सबसे विश्वसनीय और अग्रणी केंद्र बन चुका है।



### 75 % महिलाओं की टीम से बना सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल

महिलाएं संवेदनशील होती है और वे दूसरों का दर्द बखूबी समझती है इसलिए आरोग्यम में डाक्टर और नर्स सहित 75 प्रतिशत महिलाओं की सुपर टीम 24x7 लगन के साथ मरीजों की देखरेख करने से लेकर डिस्चार्ज के बाद फॉलोअप पूरी जिम्मेदारी से निभाती है।

## उपलब्धियां

- अल्प समय में संभाग का सबसे बड़ा ट्रांसप्लांट केंद्र
- जिले का एकमात्र अस्पताल जहां ट्रांसप्लांट आईसीयू है।
- दुर्ग जिले का एक मात्र संपूर्ण NABH हॉस्पिटल
- संभाग का सबसे बड़ा 15 बेडेड डायलिसिस यूनिट।
- 300 से अधिक नि :शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन। सैंकड़ो मरीजों को मिला लाभ।
- 3500 से अधिक किडनी सर्जरी।
- डायलिसिस 18500 से अधिक।
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 1200 से अधिक।
- ब्रेन ट्यूमर सर्जरी 50 से अधिक।
- गेस्ट्रो प्रोसिजर– मात्र चार में महीने में 100 से अधिक। गेस्ट्रो संबंधित प्रोसिजर हो चुका है।
- सभी प्रकार की पथरी सर्जरी के लिए विश्वसनीय एवं किफायती संस्थान

**गुड न्यूज..** किडनी ट्रांसप्लांट एवं दुर्लभ सर्जरी कर 350 से अधिक मरीजों को दुर्लभ बीमारियों से दिलाया निजात

## हाइवे से लगा एकमात्र सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल जहां ट्रामा की सर्वश्रेष्ठ टीम उपलब्ध है।

**भिलाई।** किडनी व मूत्र रोग के इलाज से किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचा आरोग्यम अस्पताल धीरे-धीरे मध्य भारत का ट्रांसप्लांट सेंटर बन रहा है। दो साल के भीतर ट्रांसप्लांट तक पहुंची यहां के विशेषज्ञों की टीम नए लक्ष्य के लिए तन-मन-धन से जुटी है। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। विगत दिनों सेक्टर-9 हॉस्पिटल (बीएसपी) से रिटायर्ड अनुभवी **डॉ. जीवन लाल घीदले** जो अब पेट संबंधित बीमारियों के मरीजों का आरोग्यम अस्पताल में उपचार करेंगे। लिवर ट्रांसप्लांट की नई सुविधा अस्पताल प्रबंधन ने नए साल में संभाग वासियों के देना तय किया है। काम चल रहा है।



स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति किसी भी समय आ सकती है और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कादंबरी नगर दुर्ग बाईपास रोड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक 24x7 इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट है। यहां चौबीसों घंटे अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आधुनिक मेडिकल मशीनों की मदद से मरीजों की जान बचा रही हैं। इस स्थापित यूनिट की वजह से आज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ में आपातकालीन उपचार के लिए एक बड़ा नाम बनता जा रहा है। 24X7 इमरजेंसी सुविधा हॉस्पिटल में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में आते ही सर्वोत्तम चिकित्सा बिना समय गंवाए मिल जाती है।



आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली जैसे महानगरों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ते दर पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। डायलिसिसस व सामान्य किडनी रोगो के उपचार से शुरु कर 2 साल में किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचे है। हमारी टीम आरोग्यम को प्रदेश का सस्ता व बेहतरीन ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने पर काम कर रही है, आगे लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देना हमारा लक्ष्य है।

## सुविधाएं अपार

### स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे सातों दिन समर्पित अस्पताल

**आरोग्यम में ही एक छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी वह भी दूरबीन विधि से, जांच के लिए कहीं और जाना भी नहीं**



**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में ऐसा नहीं की केवल किडनी व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार की ही सुविधा है। बल्कि एक ही छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी भी की जाती है। वह भी सभी सर्जरी दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) विधि से होती है। इस तरह की सर्जरी जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. तरुण नायक की टीम करती है। सर्जरी से पहले होने वाली जरूरी जांच के लिए भी यहां के मरीजों को कहीं और आना जाना नहीं पड़ता है। 24x7 जनरल सर्जरी के साथ ही 24X7 एक्स-रे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व ब्लड जांच की सुविधा है। जनरल सर्जरी में ये रोज हो रही सभी प्रकार की हार्निया सर्जरी, पित्त (गॉल ब्लेडर) की पथरी, स्पलीन (ताप तिल्ली) सूजन, अपेंडिक्स व अग्नाश्य में सूजन, आमाशय एवं आंतों की बीमारी।



## अत्याधुनिक एवं दुर्लभ सर्जरी जिसे आरोग्यम टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया

### दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार से पीड़ित पांच साल के बच्चे की सफल सर्जरी

दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार एपीस्पीडियास से ग्रसित 5 वर्षीय बच्चा जन्म के साथ ही एपीस्पीडियास से पीड़ित होने से बच्चे को पेशाब सामान्य रूप से ना हो कर लिंग के ऊपरी हिस्से से होने के चलते बच्चे के माता-पिता काफी परेशान थे, कई जगह इलाज कराने के बाद आरोग्यम अस्पताल के डॉ नवीन राम दारुका से परामर्श लेकर दिल्ली के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट **डॉ. गौतम बंगा, डॉ. नवीन राम दारुका** एवं आरोग्यम की टीम द्वारा इस जटिल ऑपरेशन को करके बच्चे की यूरेथ्रा का पुनर्निर्माण किया गया, ऑपरेशन के दौरान अंगों की सरंचना को सामान्य स्थिति में लाया गया। लगभग 3 घंटे तक चली सर्जरी उपरांत बच्चा सामान्य स्थिति में मूत्र विसर्जन करने लगा। जो अस्पताल की टीम के लिए अनोखा केस रहा।

### एक ही मरीज में दूरबीन से गुर्दे, पित्त नली, पित्ताशय की पथरी का दुर्लभ सर्जरी

काफी समय से पित्त नली की पथरी का दर्द झेल रहे 52 वर्षीय मरीज का आरोग्यम में सही ईलाज मिलने पर राहत मिली। **डॉ. जीवनलाल एवं डॉ. नवीन राम दारुका** की टीम ने सीटी स्कैन एवं अन्य जांच कर मरीज के पित्त की नली में बड़ी पथरी, किडनी में सूजन, पैंक्रियाटाइटीस जैसी घातक बीमारी के साथ ही पित्ताशय एवं किडनी में कई पथरियां पाई गई, जो कि मरीजों में इस प्रकार की समस्या काफी दुर्लभ होती हैं, इस गंभीर स्थिति में आरोग्यम के विशेषज्ञों की टीम द्वारा दूरबीन पद्धति से पित्त नली की पथरी को तोड़कर बायलरी स्टेंट एवं किडनी में **DJ** स्टेंट एवं पेनक्रियाज में भी स्टेंट डालकर सफल ईलाज किया गया। मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। संभवतः यह जिले का पहला केस होगा। जहां इस प्रकार की सर्जरी की गई।

### ओडिसा से पहुंचे मरीज की स्पाइनल कॉर्ड में ट्यूमर की जटिल सर्जरी

दुर्ग जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक आरोग्यम अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में, अस्पताल के विशेषज्ञ **डॉ. कुलदीप सिंह** की टीम ने उड़ीसा से पहुंचे एक मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण इस बीमारी का **डॉ. कुलदीप** द्वारा **MRI** करने पर ट्यूमर का पता चलते ही आधुनिक तकनीक और उच्चतम कौशल का उपयोग कर 5 घंटे में यह सर्जरी पूरी की। संवेदनशील स्थान पर ट्यूमर होने से ऑपरेशन में बेहद सावधानी की आवश्यकता थी। लेकिन **डॉ. कुलदीप** की टीम सटीक माइक्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने उम्मीद खो दी थी, लेकिन आरोग्यम की टीम ने उनकी जिंदगी में एक नई रोशनी लाई है। सर्जरी में अस्पताल के कुशल चिकित्सा टीम ने आरोग्यम अस्पताल को एक बार फिर मेडिकल क्षेत्र में अग्रणी साबित किया।

### आधुनिक पद्धति से कर रहे यह सर्जरी

गैस्ट्री सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, घुटने का प्रत्यारोपण, थायराइड और कैंसर सर्जरी की सुविधा। डॉ. तरुण नायक पहले पेट संबंधी छोटी सी परेशानी से पेट चीरना पड़ता था। लेकिन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से पेट चीरने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज की रिकवरी तेज होती है। जटिल सर्जरी भी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम कीगल चेयर द्वारा पेशाब नियंत्रण का कारगर इलाज आरोग्यम में

**पेल्विक फ्लोर के इलाज का एक अत्याधुनिक तरीका**

आजकल महिलाओं और पुरुषों में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों की कमजोरी एक सामान्य समस्या बन गई है, जिससे इनकंटिनेंस (पेशाब का नियंत्रण न रहना) जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत से उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन कीगल चेयर एक आधुनिक और प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। यह एक गैर-इनवेसिव (**non-invasive**) उपचार है, जिसे पेल्विक फ्लोर मसल्स को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



कीगल चेयर एक उच्च-तकनीकी चिकित्सा उपकरण है, जो पेल्विक फ्लोर मसल्स को सक्रिय करने और मजबूत करने के लिए **HIFEM** (**High-Intensity Focused Electromagnetic**) तकनीक का उपयोग करती है। यह तकनीक शरीर के अंदर गहरी उत्तेजना पैदा करती है, जिससे मांसपेशियों में संकुचन (**contraction**) और रिलेक्सेशन (**relaxation**) होता है, जो उन्हें मजबूत बनाता है। यह एक दर्दरहित और आरामदायक उपचार है, जिसमें कोई सर्जरी या दवाओं का इस्तेमाल नहीं होता। कीगल चेयर के फायदेः पेशाब पर नियंत्रण, तेज और सुविधाजनक उपचार, स्नातकों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी, यह पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिकवरी, सेक्सुअल डिस्फंक्शन, और पेल्विक दर्द जैसी समस्याओं में भी मदद कर सकती है।

advt

CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electricity Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE

सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए

97554 21861 , 0788-2990458 — Book Appointment

07883500539 — Emergency Number

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप

### जयंत व जयंती का एमएस में चयन, दी बधाई





**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा जिले के श्री पंचदेव मंदिर समिति के ट्रस्ट सदस्य डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर के भतीजी-भतीजा व जगन्नाथ सिंह ठाकुर के सुपुत्र व सुपुत्री का चयन एमएस के लिए हुए है। जिसमें जयंत सिंह ठाकुर एमबीबीएस के बाद उनका चयन एमएस जनरल सर्जन श्री बाला जी हॉस्पिटल रायपुर वहीं जयंती सिंह ठाकुर का चयन एमबीबीएस के बाद सेक्टर-9 भिलाई हॉस्पिटल डीएनबी में स्त्री रोग विशेषज्ञ कॉलेज में चयन हुआ है। जयंत व जयंती तीन वर्ष पढ़ाई के बाद डॉक्टर बनकर क्षेत्र में अपनी सेवा देगें। इस उपलब्धि पर डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर संचालक गोराज चिल्ड्रन हॉस्पिटल कवर्धा व परिजनों तथा ईष्ट मित्रों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

### साफ सफाई के अभाव में हैंड पम्प के आसपास कीचड़ व गंदगी

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम रूसे व कापा में शासन प्रशासन द्वारा बोर खनन कर हैंड पम्प लगवाया गया है लेकिन जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों के देखरेख के अभाव में हैंड पम्प के आसपास कीचड़ व साफ सफाई के अभाव में ग्रामवासियों को हैंड पम्प सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ना तो नल जल मिशन योजना का तथा हैंड पम्प लाभ मिल पा रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द हैंड पम्प की आसपास क्षेत्र की साफ सफाई व व्यवस्थित किए जाने मांग की गई।

# डिप्टी सीएम ने बोड़ला में 2.56 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

- नगरीय निकायों के समग्र विकास को बढ़ावा देना साय सरकार की पहली प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

जिले में जनता की बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए शनिवार को बोड़ला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 2.56 करोड़ रुपए की लागत से 39 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 15वें वित्त आयोग के तहत 1.07 करोड़ रुपए के सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य तथा अधोसंरचना मद से 1.49 करोड़ रुपए की लागत वाले विकास कार्य शामिल हैं। यह पहल जिले के सतत विकास और जनता की जीवन गुणवत्ता को सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि इन 39 कार्यों में से 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 19 कार्यों के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं, जो नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं। वहीं, अधोसंरचना विकास के तहत 20 कार्यों के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है। जिसमें सीसी रोड और नाली निर्माण के साथ साथ अन्य आधारभूत संरचनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों का उद्देश्य न केवल जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाली सड़कों और नालियों को बेहतर बनाना है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना भी है। श्री शर्मा ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल जिले के यातायात और जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### जिले के लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : शर्मा



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग और अधोसंरचना मद के तहत सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे कार्यो से जिले के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ये केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि यह उनके जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधा जनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य है कि कबीरधाम जिले को एक आदर्श जिले के रूप में विकसित किया जाए, जहां हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं मिलें। कार्यक्रम में राज्य गौसेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व अध्यक्ष जिपं विदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, बरसाती वर्मा, डॉ रुपनाथ मानिकपुरी, काशीराम उइके, मंगलू राम परते, गुलाब साहू, विजय पाटिल, नरेश चन्द्रवंशी, बजरहा पटेल सहित अन्य जनप्रतिनि एवं सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पर्यटन स्थलों में मूलभूत सुविधाएं तक नहीं, कागजों में चल रहीं विकास की योजनाएं

# जिले के पर्यटन स्थल में सैलानियों की घट रही संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

जिले के पर्यटन स्थलों में रेख-रेख तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव में सैलानी मायूस हो रहे हैं। पर्यटन स्थलों के आसपास रुकने की अच्छी व्यवस्था नहीं होने के कारण सैलानियों की संख्या घटती जा रही है साथ ही साथ आने-जाने के लिए समय व साधन भी नहीं मिलते। जिले के कई पर्यटल स्थलों तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है वहीं जिले में पर्यटन स्थलों की कमी नहीं है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ पुरातत्व महत्व के क्षेत्र भी जिले में हैं। इसके बाद भी यह उद्योग का रूप नहीं ले सका है। न ही आसपास क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल पा रही है और न ही स्थलों का प्रचार-प्रसार हो पाया है। जिले के पर्यटन स्थलों में रुकने के लिए छोटी बड़ी होटल तो बनाए गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में वर्तमान स्थिति में अब खंडहर में तब्दील हो चुके है। जिस कारण बाकी होटलों में पर्यटक बहुत ही कम रुकते हैं।

### शीतकालीन व नववर्ष पर पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों की उमड़ेगी भीड़



कबीरधाम जिले में प्रसिद्ध व पर्यटन स्थल जिसमें भोरमदेव मंदिर, सरोदा बांध, रानीदहरा जलप्रपात, डोंगरिया जलेश्वर महादेव घाट, छीरपानी बांध, कर्रानाला बैराज, सुतियापाठ लोहारा पर्यटक स्थल व मंदिर हैं। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, कवर्धा जिला मुख्यालय से भोरमदेव मंदिर 18 किमी है ज्यादातर लोग अपने संसाधनों से आते हैं और उसके बाद उन्हीं वाहनों से चले जाते हैं। लेकिन इस क्षेत्र में एक भी बस नहीं चलते जिससे लोग व पर्यटक स्वयं या प्राइवेट वाहन लेकर जाते हैं। वहीं तीज त्यौहार व मेला महोत्सव के सीजन में ही पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। भोरमदेव मंदिर पर्यटन स्थल का विकास पिछले कई वर्षो से कागजों में सिमटा है वहीं स्थिति जस के तस बनी हुए है।

## जीवात्मा जितना अभियान कर ले बिना परमात्मा की कृपा के उनका उद्धार नहीं होता: मेघनानंद शास्त्री

- कथा रसपान करने भक्तों की उमड़ी भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोलेगांव

ग्राम कंझेटा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में कथा व्यास पं मेघानंद शास्त्री द्वारा कथा के चतुर्थ दिवस कथा के अंतर्गत गजग्रह युद्ध के मध्यम से गजेंद्र मोक्ष के पावन कथा के मध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवात्मा जितना अभिमान कर ले बिना परमात्मा के कृपा के उनका उद्धार नहीं होता है, चाहे वह धनवान हो बलवान हो, परिवार वाला तथा कुछ काम आने वाला नहीं है इसलिए भगवान का ध्यान करना चाहिए। उन्होने समुद्र मंथन की पवन कथा और भगवान श्रीराम व कृष्ण के अवतार की चेतावनी देते हुए उन्हें बताया गया कि भगवान संसार में व्याप्त पापचार, अनाचार, अत्याचार के निवारण के लिए भी अवतार लेकर धरती पर पाप बढ़ेगा तब तब भगवान जन्म लेंगे कभी कृष्ण के अवतार में तो कभी राम के अवतार में। इस दौरान ग्राम कंझेटा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान किया।



### डबराभाट स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण वर्षो पहले कराया गया था जो कि वर्तमान में देख रेख के अभाव में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर व बदहाल होकर क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिससे नौ निहाल बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन वर्तमान में खंडहर में तब्दील हो चुकें है। वहीं जर्जर व बदहाल आंगनबाड़ी केन्द्र से नौनिहाल बच्चों को खतरा की आंशका बना हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डबराभाट आंगनबाड़ी केन्द्र भवन एक वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित किया जा रहा है, जिससे नौनिहाल बच्चों तथा आंगनबाड़ी सहायिका को आने जाने में लंबी दूरी तय करना पड़ता है, जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने ग्राम डबराभाट में दो आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की मांग की गई। जिससे नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों को शिक्षा ग्रहण अपना आंगनबाड़ी केंद्र में मिल सके।

# विधायक ने विधानसभा में आदिवासियों को वन आवासीय पट्टा, किसानों को कृषि पम्प व पीएम फसल बिमा योजना सहित नई औद्योगिक नीति के संबंध में पूछा प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने आदिवासी परिवारों को वन आवासीय पट्टा, किसानों को कृषि पम्प एवं प्रधानमंत्री फसल बिमा योजना साथी छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के संबंध में प्रश्न पूछा।



श्रीमती बोहरा ने कहा कि बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों के कल्याण हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है, वहीं कृषकों को हर सुविधा उपलब्ध हो और योजनाओं का लाभ उन्हें निरन्तर मिलता रहे इसके लिए विधानसभा में इन प्रश्नों को मैनें प्रमुखता से रखा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने एवं व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने नई औद्योगिक नीति बनाई है, जिसके संबंध में अधिक से अधिक जानकारी व्यापारी भाईओं को मिल सके, इस संबंध में भी आज विधानसभा में प्रश्न पूछा। छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक नीति के संबंध में प्रश्न करते हुए विधायक ने पूछा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-30 में बी2बी सेक्टर के लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? इसके साथ ही नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित किए जा रहे औद्योगिक पार्क, इंजीनियरिंग पार्क, आईटी पार्क, फूड पार्क आदि जिनके उत्पादों का उपयोग पूंजीगत स्थापना के लिए बीटूबी सेक्टर के लिए किया जाएगा, उनके लिए नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पॉलिसी क्या है? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले उद्यमों को नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति दिए जाने का प्रावधान किया गया है। बी2बी का प्रावधान क्रियान्वयन नियमावली में उपलब्ध होता है। क्रियान्वयन नियमावली तैयार कर जारी किए जाने की प्रक्रिया में है। नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित किए जा रहे पात्र उद्यमों-सेवा उद्यमों को नियमानुसार नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी। बी2बी का प्रावधान क्रियान्वयन नियमावली में उपलब्ध होता है। क्रियान्वयन नियमावली तैयार कर जारी किए जाने की प्रक्रिया में है। उन्होने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के हित के लिए प्रश्न करते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत जिले अंतर्गत विगत 03 वर्ष में वर्ष 2022-23 से नवम्बर 2024 तक कुल कितने आदिवासी हितग्राहियों को वन आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है? सीमांकन हेतु कितने प्रकरण लम्बित हैं और उनका निराकरण कब तक होगा? फर्जी पट्टा एवं अवैध वन आवासीय कब्जे से सम्बन्धित कितने प्रकरण उनमें लिप्त दोषियों एवं भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्यवाही और वन भूमि अहस्तांतरणीय के संबंध में जानकारी मांगी।

जिसके प्रति उत्तर में आदिमजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि उक्त अवधि में आवासीय प्रयोजन हेतु वितरित वन अधिकार पत्रों की संख्या शुन्य है तथा उस अवधि में आवासीय प्रयोजन हेतु फर्जी एवं अवैध कब्जे संबंधी कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुए हैं। वन अधिकार अधिनियम 2006 के अनुसार व्यक्तिगत वन अधिकार हेतु वन भूमि प्राप्त कोई भी अधिकार वंशागत होगा किन्तु संक्रमणीय या अंतरणीय नहीं होगा। जिला कबीरधाम अंतर्गत वनभूमि के अवैध नामांतरण एवं हस्तांतरण के कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुए है।

### किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिला है : भावना

कृषि व कृषकों के सन्दर्भ में श्रीमती भावना बोहरा ने पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2023-24 में नवम्बर 2024 तक किन-किन गांव के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिला है? क्या बीमा से लाभान्वित गांव के किसानों से बीमा राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत प्राप्त हुई है और प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? जिसके प्रति उत्तर में कृषि एवं आदिमजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जानकारियों का संधारण तहसीलवार किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में शामिल तहसील-पंडरिया, कुकदुर, कुण्डा, सहसपुर लोहारा एवं पिपरिया में मौसम खरीफ वर्ष 2023 से नवम्बर 2024 तक तहसीलवार, ग्रामवार, दावा भुगतान से लाभांवित कृषक संख्या एवं फसल क्षति (दावा) प्रतिशत की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। उक्त अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में सम्मिलित तहसीलों के ग्रामों में कुल 136 कृषकों का दावा भुगतान से संबंधित शिकायते जैसे कम दावा राशि प्राप्त होने, बैंक खाता के जानकारी में बदलाव, नया आईएफएससी कोड एवं नया बैंक खाता जोड़ने आदि के संबंध में शिकायते प्राप्त हुई। इन शिकायतो के निराकरण हेतु उप संचालक कृषि एवं सदस्य सचिव, जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति के माध्यम से संबंधित कृषकों का वांछित दस्तावेज प्राप्त कर क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

## पंडरिया मण्डल का नव निर्वाचित अध्यक्ष बने रवीश ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ⏩ पंडरिया

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्षों की सूची तैयार किया गया। जिसमें क्षेत्र के ईमानदार, कर्मठ कार्यकर्ता रवीश सिंह ठाकुर को पंडरिया मंडल के नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पंडरिया सहित आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने श्री ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071




## कृषक संगोष्ठी व सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक भावना



- कृषि व कृषक कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏩ पंडरिया

छत्तीसगढ़ में भाजपा के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पंडरिया में कृषि एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किसान सम्मेलन, कृषक संगोष्ठी व कृषक सम्मान एवं प्रसार कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कृषक उन्नति योजना के लाभान्वित और प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा कृषि व कृषक कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। भाजपा सरकार द्वारा किसानों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारना, कृषि उत्पादन को बढ़ाना और कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी सुधार को बढ़ावा देना है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जिला संगठन श्रीमती केएस परिहार एवं प्राचार्य डीएस जोशी के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी वजनराम साहू के मार्गदर्शन में ग्राम सोनपुरी (रानी) में आयोजित किया गया। जिसमें 50 शिविरार्थी सात दिवस डिजिटल इंडिया, पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, नारी शिक्षा, नशामुक्ति, चाइल्ड लाइन 1098, स्वच्छता, सामाजिक समरसता जैसे जागरूकता अभियान व सेवा कार्य कर रहे हैं। इस शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रभात फेरी एवं योग पीटी से हुआ, जिसमें सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, फुर्ती व्यायाम किया। लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठ जाग मुसाफिर, नौजवान आओ रे जैसे गीतों द्वारा लोगों को जन-जागरूक किया। परियोजना कार्य में मंदिर देवालय के आसपास सफाई, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत नारा लेखन किया गया। बौद्धिक सत्र में महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है, कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 की जानकारी साथ ही साथ सेफ टच अनसेफ टच के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस दौरान बाल संरक्षण हितेश, हुकमीचंद, सतखोजन, युगेश, आशीष, तुषार, देवेंद्र ने नाटक तथा छतीसगढ़ी सुआ नृत्य प्रस्तुत किया। नीलकमल साहू ने लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन तरुण पटेल ने किया। सुरेशनाथ, भोलानाथ, गोकुल साहू, कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता बीआर लहरे एवं धनेश्वर सिंह राजपूत सहित सोनपुरी स्कूल के प्राचार्य जेपी वर्मा उपस्थित थें।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024



# आर्थिक अनियमितताओं में घिरे प्रबंधकों के भरोसे धान खरीदी, जांच में ढिलाई से कार्रवाई रूकी

## समिति प्रबंधकों के खिलाफ शिकायतें, उन्हें ही दोबारा समितियों का दिया गया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

हर साल होने वाली करोड़ों-अरबों रुपए की धान खरीदी इस बार आर्थिक अनियमितताओं में घिरे प्रबंधकों के सहारे की जा रही है। विगत सालों में जिन समिति प्रबंधकों के खिलाफ शिकायतें हुई और विभाग जांच कर रहा है, उन्हें ही दोबारा उन समितियों का प्रभार सौंप दिया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि दोबारा गड़बड़ी नहीं होने की क्या गारंटी है।

मिली जानकारी के अनुसार दोषियों को फिर से मिली जिम्मेदारी के बाद घुमका क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। समिति में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर जांच और नोटिस की प्रक्रिया से घिरे कुछ समितियों में संविदा कर्मचारियों को विगत वर्षों से खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुछ समितियों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को खरीदी प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्र के कुछ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी और संविदा कर्मचारियों पर लगातार आर्थिक अनियमितताओं को लेकर विभाग ने नोटिस जारी किया है और इनमें से कुछ समिति प्रभारियों के खिलाफ आर्थिक अनियमितताओं के मामलों में जांच चल रही है।

### बारदाना घोटाले में भी कई नाम

ज्ञात हो हाल ही में बारदाना घोटाला भी सामने आया है। सहकारिता उपायुक्त ने जांच का आदेश भी दिया था। जिसमें घुमका क्षेत्र की सहकारी समितियों में भी बारदाना की गड़बड़ी हुई है। पटेवा, भैंसातरा, मुरमुंदा, बघेरा, उपरवाह, पदुमतरा समेत कई समितियों में बारदाने की गड़बड़ी के आरोपों से घिरे प्रभारियों के खिलाफ उक्त मामले में जांच लंबित बताया जा रहा है। प्रभारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार संबंधित फड़ प्रभारियों ने अब तक अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया है।



### इस प्रकार की शिकायतें

संविदा और दैनिक वेतन कर्मचारियों पर बारदाने की अफरा-तफरी से लेकर खाद-बीज और खाद्यान्न वितरण, भंडारण और स्टॉक में घालमेल समेत कालातीत ऋणी कृषकों को ऋण वितरण बीमा राशि की वसूली संबंधित कई आर्थिक अनियमितताओं में जांच के बाद गड़बड़ी की खबर है। ऐसे हालात में दागी कर्मचारियों को जिम्मेदारी दिया जाना सहकारी समितियों के लिए घाटे का सौदा हो सकता है।

**कई सोसायटियों में शिकायत :** चूंकि बारदाना घोटाले की राशि की वसूली के लिए मार्कफेड ने समिति को मिलने वाले कमीशन की राशि कटौती कर लिया है। जिससे समितियां लगातार घाटे में जा रही है। खबरों के अनुसार वर्ष 2022 की धान खरीदी में गड़बड़ी के आरोप में भैंसातरा, पटेवा सोसायटी के कुछ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आगामी वर्ष की खरीदी से पृथक करने का स्पष्ट आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद उन्हीं के भरोसे खरीदी कराई जा रही है।

## गुम मोबाइल को पुलिस ने ढूंढकर किया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम 6 नग मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी को वापस दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद नायक के मार्गदशन एवं थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गुम मोबाइल पतासाजी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल लगभग 70,000 रुपए को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा ढूंढकर बरामद किया गया। थाना बसंतपुर में बरामद हुए सभी 6 नग मोबाइल को मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया।

## चिकित्सा शिविर कल

**राजनांदगांव।** अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट एवं अग्रहरि वैश्य समाज के तत्वाधान तथा गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा 23 दिसम्बर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अग्रहरि भवन गुरूद्वारा रोड फौव्वारा चौक राजनांदगांव में पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा निःशुल्क परीक्षण व परामर्श का आयोजन किया गया है। जिसमें गव्यसिद्ध चिकित्सक तथा मर्म एवं कायरो विशेषज्ञ द्वारा रोगियों का नाड़ी परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा मर्म एवं कायरो चिकित्सा की जाएगी। आयोजन समिति द्वारा पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा निःशुल्क परीक्षण व परामर्श का लाभ लेने की अपील की गई है। पंजीयन के लिए 9827187703 पर संपर्क कर सकते हैं।

## आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले में संदेही था मृतक पुलिस कर्मी

# आरक्षक ने की आत्महत्या, हाथ पर लिखा अफसरों को बचाकर कर्मियों को फंसा रहे

### कुछ अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए जाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आठवीं बटालियन में चल रही पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान लेन-देन और धांधली के संदेह में घिरे एक पुलिस जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह लगभग 6 बजे पुलिस आरक्षक का शव ग्राम रामपुर के समीप एक खेत में पेड़ से झूलता पाया गया। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरक्षक के परिजनों की उपस्थिति में शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। इस दौरान मृतक के हाथ पर लिखे उसके कथन से हड़कंप मच गया है।

राजनांदगांव में पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षा में टाइमिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से डेटा एंट्री में कुछ अभ्यर्थियों के अंक बढ़ाए जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने ही इस मामले में शहर के लालबाग थाना में एफआईआर कराया था और मामले की पूरी जांच की जा रही थी। जिसमें लगभग 20 अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाना प्रतीत हो रहा था। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, धांधली और लेन-देन के संदेह के दायरे में प्रक्रिया से जुड़े लोग आए हैं। इन्हीं में 14 पुलिस आरक्षक जो भर्ती प्रक्रिया में ड्यूटी कर रहे थे, उनकी भूमिका को भी संदेह में रखकर जांच की जा रही थी। इसी बीच उनमें से एक आरक्षक द्वारा आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



### हाथ पर लिखा था फंसाया जा रहा है

परिजनों के सामने पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक आरक्षक के हाथ पर लिखा हुआ पाया गया कि भर्ती ड्यूटी में कर्मचारी को फंसाया जा रहा है और अधिकारी को बचाया जा रहा है, सब इंवॉल्व है। मृतक आरक्षक द्वारा अपने हाथ पर ऐसा लिखे जाने से साफ हो गया है कि उसने इस भर्ती प्रक्रिया की जांच में फंसाए जाने को लेकर आत्महत्या की है।

### परिजनों के आने पर उतारा शव

मृतक आरक्षक अनिल रत्नाकर सरायपाली बसना क्षेत्र का निवासी था और खैरागढ़ जिले के जालबांधा पुलिस चौकी में पदस्थ था। आज सुबह उसका शव बेल्ट और गमछे के सहारे से फांसी के फंदे में झूलता मिला था। आरक्षक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना उनके परिजनों को देने के बाद परिजनों ने अपने पहुंचने के बाद ही शव को फंदे से उतरने की बात पुलिस से कही थी। दोपहर लगभग 3 बजे जब मृतक का भाई और अन्य परिजन पहुंचे, तब शव को फंदे से उतारकर पंचनामा बनाया गया।

### सभी पर चल रही जांच

इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि 16 नवंबर से आरक्षक भर्ती चल रही है। भर्ती प्रक्रिया में मृतक आरक्षक की लॉन्ग जंप में ड्यूटी लगाई गई थी। इस भर्ती में फर्जी डेटा एंट्री मिली थी। जिसमें कैंडिडेट के डेटा बदले गए थे। जिसको लेकर एफआईआर कराया गया था और जांच की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी से पूछताछ की जा रही थी। मृतक ने अपने हाथ पर कर्मचारियों को विवेचना में टारगेट करने और अधिकारियों को बचाने की बात लिखी है। सारे अधिकारियों की जांच की जा रही है। जिनके खिलाफ साक्ष्य मिलेंगे, कार्रवाई होगी।

## पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़ा चार पुलिस जवान सहित छह आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा की भर्ती प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी पाए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस बल आरक्षक संदर्भ चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 की भर्ती प्रक्रिया के दौरान भर्ती समिति की इंटर्नल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर पुलिस द्वारा लालबाग थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी ध्रुर्वे, पवन कुमार साहू, आरक्षक योगेश कुमार धुर्वे व आरक्षक परिधि निषाद के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में लगातार जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### गड़बड़ी का मामला आया था सामने

ज्ञात हो कि 8वीं बटालियन पेंड्री में राजनांदगांव रेंज स्तर की जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 की भर्ती प्रकिया का प्रथम चरण अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 नवंबर से चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भर्ती में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आने के बाद इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

## माय एंगल




# जब्त 102 मॉडिफाइड साइलेंसर यातायात पुलिस ने किया नष्टीकरण

**राजनांदगांव।** यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में अभियान चलाकर बाइक में लगे माडिफाईड साइलेंसर पर कार्रवाई की गई थी। जिसके तहत 102 साइलेंसर जब्त किया गया था, जिसे नष्ट किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात स्टॉफ द्वारा लगातार बुलेट वाहन चालक द्वारा मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर फटाके जैसे आवाज निकालकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले 102 वाहनों का साइलेंसर जब्त किया गया था।



### रोड रोलर चलाकर किया नष्टीकरण

जिसे रोड रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया। मॉडिफाईड साइलेंसर के 8 वाहन चालकों का ईश्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश करने पर 82000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। शेष वाहन चालकों का मौके पर कार्रवाई कर दोबारा मॉडिफाईड साइलेंसर नहीं लगाने समझाईश दिया गया। मॉडिफाईड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जाएगा। यातायात पुलिस की सभी बुलेट वाहन चालकों से अपील है कि अपनी कंपनी से लगी हुई साइलेंसर लगाकर ही चलाएं।

# आठ टीमों के बीच चली प्रतियोगिता जेसीएल का आज फाइनल मुकाबला, मिलेगा नया चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जैन युवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित जैन सुपर लीग में रोमांच हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को खेले गए चार मुकाबलों में बल्ले और गेंद के बीच जबर्दस्त संघर्ष देखने को मिला।

इन चार मैच में महावीर इंडियंस, गोपाल एग्रो, प्रकाश ऑटोमोबाईल्स एवं एक्वा विलेज ने अपने-अपने मैच में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता को भव्य रूप देने के लिए लाईव स्कोरिंग के साथ ही इसका लाईव प्रसंकरण भी यू-ट्यूब के माध्यम से कराया जा रहा है। प्रतियोगिता की भव्यता का असर है कि शहर से बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक भी मैदान में देर रात तक मैच का आनंद ले रहे हैं।

जैन युवा फाउंडेशन से मिली जानकारी के अनुसार जैन सुपर लीग सीजन-2 के तहत आठ टीमों के मध्य 16 से 22 दिसंबर के मध्य राउंड रोबिन के तहत मुकाबले कराए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जैन समाज के युवाओं सहित बड़ी संख्या में अधेड़ उम्र के खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में टॉप की चार टीमों के मध्य आज सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।

### दूधिया रौशनी में हो रहा मैच

सनसिटी स्थित मैदान में जैन सुपर लीग के मुकाबले दूधिया रौशनी में खेले जा रहे हैं। रोजाना शाम चार मैच हो रहे हैं। खास बात यह है कि इन मैच का यू-ट्यूब के जरिये सीधा प्रसारण भी किया जा रहा है। आयोजन समिति ने भी सभी खेलप्रेमी दर्शकों से बड़ी संख्या में खेल का लुत्फ उठाने के लिए मैदान पहुंचने की अपील की है।

### सकल समाज का भी टूर्नामेंट

इधर जैन युवा फाउंडेशन द्वारा ही जैन सुपर लीग के पश्चात सामाजिक एकता का उदाहरण देते हुए एक सकल समाज का क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित कराया जा रहा है। 23 से 25 दिसंबर के मध्य चलने वाली इस प्रतियोगिता में जैन समाज, अग्रवाल समाज, महेश्वरी समाज, सिख समाज, सिंधी समाज के अलावा ब्राह्मण समाज की टीमें शामिल हो रही है।

## लंबित अपराधों का अभियान चलाकर निराकरण के दिए निर्देश

# एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, कहाः लंबित अपराधों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग लेकर 1 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराधों का अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। क्रिसमस एवं नववर्ष त्यौहारी सीजन के मद्देनजर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण, अपराध की रोकथाम हेतु सख्त निर्देश दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला केसीजी में 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते नितेश कुमार गौतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़-गंडई लालचंद मोहले एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया।



### संदिग्धों का लें-फिंगरप्रिंट

थानों में पंजीबद्ध अपराधों, शिकायतों व मर्ग का अधिक से अधिक निकाल करने, लंबित चालानों को माननीय न्यायालय में अविलंब पेश करने, समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी जानकारी प्रदान करने, अपराध नियत्रंण हेतु पूर्व में गिरफ्तार व संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों एवं गांजा तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिससे आम जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाए।

### असामाजिक गतिविधियों पर रखे नियंत्रण : एसपी

वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमों का पालन किया जा सके, इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई। साथ ही क्रिसमस एवं नववर्ष के मद्देनजर असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण एवं अपराध रोकने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। उपरोक्त मीटिंग में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायतों का करें शीघ्र निकाल

मीटिंग के दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते थानों में लंबित अपराधों एवं शिकायतों को शीघ्र निकाल करने, विवेचना में ई-साक्ष्य ऐप्लीकेशन के उपयोग के साथ ही रोड ऐक्सिडेंट मामले में आई रेड पोर्टल में एंट्री करने हेतु विशेष हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सायबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बों में समर्थ अभियान के तहत सायबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इसके अतिरिक्त सायबर संबंधी अपराधों के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता के समस्याओं का निराकरण करें।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने की मण्डल अध्यक्षकों की नियुक्ति

**कवर्धा।** जिला भाजपा की अनुशंसा पर शनिवार को प्रदेश भाजपा ने कबीरधाम जिले के मण्डल अध्यक्षों की नए सिरे से नियुक्ति कर सूची जारी कर दी है। जिला चुनाव अधिकारी कबीरधाम रजनीश सिंह द्वारा जारी सूची के मुताबिक कवर्धा शहर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, कवर्धा ग्रामीण बीर सिंग पटेल, पिपरिया मुनीराम चंद्रवंशी, भोरमेदव मीलू साहू, रेंगाखार जंगल गजानंद यादव, बोड़ला मोहन धुर्वे, स.लोहारा लालाराम साहू, पंडरिया रवीश ठाकुर, पाण्डातराई प्रदीप पुरी गोस्वामी, कुकदुर बसंत वाटिया, कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, दुल्लापुर बाजार फलित साहू, इंदौरी खेलेश्वर साहू तथा रणवीरपुर मण्डल में नरेश साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में बीते शुक्रवार को समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीवी रमन यूनिवर्सिटी से डॉ. रिचा यादव उपस्थिति रही। इन्होंने युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इनकी उपस्थिति से छात्र-छात्राओं में उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम में महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. केएस परिहार, श्रीमती मोना बर्मन, डॉ. ज्योति चंद्रवंशी, रुपेश कुमार वर्मा, गिरधारी वर्मा, तुलेश्वर वर्मा एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### गणित व आनंद मेला का आयोजन

**स.लोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा में महान गणितज्ञ आचार्य रामानुजन की जयंती पर गणित मेला और आनंद का मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो के मन में गणित के प्रति रुचि जागृत करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, चित्र कला, गणित मॉडल, भाषण, गीत, निबंध, उल्टी गिनती, पहाड़ा, प्रदर्शनी, प्रश्न मंच इत्यादि में बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ और पलकगण उपस्थित थे।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत पर संगोष्ठी आयोजित

**कवर्धा।** लायंस क्लब के तत्वावधान में गत 20 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कचहरी पारा में राष्ट्र प्रथम विषय के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम को केंद्र में रखकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना और ध्वज वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण छात्रा काजल गुप्ता ने दिया। तत्पश्चात लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, निवृत्तमान अध्यक्ष बीपी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके यदु, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, अजय गुप्ता, मनोज कुमार ठाकुर विद्यालय के प्राचार्य रामसिंह ध्रुव एवं वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद शुक्ला मंच में उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** नील गाय का मांस व शिकार में प्रयुक्त सामान बरामद, एक आरोपी फरार

# करंट बिछाकर नील गाय का शिकार, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत वन्यप्राणी नीलगाय का अवैध शिकार करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विभाग ने गिरफ्त में आए आरोपियों के पास से वन्यप्राणी नीलगाय का मांस, खाल तथा शिकार में सामग्री तथा नीलगाय को काटने में प्रयुक्त औजार भी जप्त किए हैं। सभी आरोपियों के विरूद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि ग्राम मोहनपुर निवासी प्रताप पिता मेहतर नेताम द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ करंट प्रवाहित जाल लगाकर एक वन्यप्राणी नीलगाय का अवैध शिकार किया है। मुखबिर से मिली इस सूचना के आधार पर मामले की विवेचना के लिए वनमंडलाधिकारी शशि कुमार के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी स.लोहारा अनिल साहू एवं अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा अंकित पाण्डेय के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी सहसपुर लोहारा अनुराग वर्मा, परिक्षेत्र सहायक मोतीलाल रात्रे, परिसर रक्षक खेमचंद बरैया की संयुक्त समिति गठित कर वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत मोहनपुर परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 258 में अवैध शिकार करने वाले आरोपियों के ठिकाने में दबिस दी गई। वन विभाग के मुताबिक इस कार्यवाही के दौरान जांच टीम ने आरोपी प्रताप के घर से वन्यप्राणी नील गाय का मांस, जबड़े के टुकड़े, मांस को काटने-फाड़ने और छोटे-छोटे टुकड़े करने के लिए प्रयुक्त औजार पेंसूल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान प्रताप के द्वारा बताया कि उसने अपने साथी मुंशी पिता जनार्दन यादव, अनिल पिता गोकर्ण नेताम तथा एक अन्य विश्वनाथ पिता महावीर के साथ नील गाय का शिकार किया था और उसके मांस को आपस में बांट लिया।

### वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई



आरोपी प्रताप ने जांच टीम को पूछताछ के दौरान बताया कि उसने अपने साथियों के साथ वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के मोहनपुर परिसर से लगे जंगल पीएफ 258 में करंट तार बिछाकर जंगली जानवर (नीलगाय) का शिकार किया तथा टांगिया और पेन्सूल की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़े कर आपस में बांट लिया। शिकार में प्रयुक्त टांगिया को अनिल की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर जंगल के भीतर से उन स्थानों को दिखाया गया जहां पर आरोपियों ने करंट फैलाने के लिए प्रयुक्त तार को छुपाया था। उस रास्ते को दिखाया गया जिस रास्ते पर वह करंट तार बिछाकर शिकार किया गया। उन जगहों की भी शिनाख्ति की गई जिस स्थान पर उन्होंने जानवर को काटा था और टुकड़े कर आपस में बांटा था। विभाग ने संरक्षित वन क्षेत्र में करंट तार बीछाकर शिकार करने के अपराध में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत पीओआर क्रमांक 20735/14 दिनांक 17 दिसम्बर 2024 जारी कर 19 दिसम्बर 2024 को प्रताप पिता मेहतर नेताम, मुंशी पिता जनार्दन यादव तथा अनिल पिता गोकर्ण नेताम को गिरफ्तार कर जिला जेल कवर्धा में जुडिशल रिमांड में भेज दिया है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी विश्वनाथ पिता महावीर की गिरफ्तारी अभी शेष है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को किया 14.13 करोड़ रुपए का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं विशेष मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 14.13 करोड़ रूपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष निर्देशानुसार और कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समयबद्ध तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 नवंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 2.88 करोड़ रूपए का भुगतान 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के मान से जारी किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत 1,09,175 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर अब तक 94,270 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि शेयर धारक गन्ना उयपादक किसानों के सहयोग और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना खरीदी नीति के तहत कारखाने द्वारा गन्ना उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया जा रहा है।

### किसानों से कारखाना प्रबंधन ने की अपील

कारखाना प्रबंधन ने गन्ना किसानों से अपील की गई है कि गन्ना उत्पादक किसान कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे रिकवरी प्रतिशत में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।



## ट्रक-कार में भिड़ंत, कार के उड़े परखच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों के बीच एक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक कार और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन कार सवार बाल-बाल बच गया उसे गंभीर चोटे आई हैं तथा कार के परखच्चे उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव में एक तेज रफ्तार ट्रक और अमेज कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। दोनो तेज रफ्तार वाहनो के बीच भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, लेकिन कार चालक बाल-बाल बच गया। उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आसपास के लोग और स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे घायल युवक को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ है।

## जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार 16500 रुपए नगद जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




बोड़ला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआरियों की एक फड़ में दबिस देकर पांच जुआरियों को रंगे हांथो जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के पास से 16500 रूपए नगद, मोबाईल फोन तथा तास पत्ती जप्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ 13 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोड़ला पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र में स्थित एक ट्युबबेल के पास लम्बे समय से कुछ लोग फड़ जमाकर जुआ खेलते हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिस देकर आरोपी संजय पटेल, मलेश पटेल, उत्तरा पटेल, विष्णु पटेल तथा सहेज पटेल को रंगे हांथो जुआ खेलते दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों की फड़ से 16500 रूपए नगद, मोबाईल फोन तथा तास पत्ती जप्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ 13 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### जैन श्री संघ कवर्धा पू. महेंद्र सागर महाराज साहब से मिले



**कवर्धा।** जैन श्री संघ कवर्धा के 75 सदस्यीय श्रावक श्राविकाएं केवल्य धाम तीर्थ कुम्हारी में अध्यात्म योगी उपाध्याय पू. महेंद्र सागर महाराज साहब की सेवा में वर्ष 2025 के वर्षावास की विनती को लेकर शुक्रवार 20 दिसम्बर को पहुंचे। पू. मुनि भगवंतो के सम्मुख जैन स्थानकवासी संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्री श्रीमाल, मंत्री गेंद मल मोदी, श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष अजय टाटिया, पूर्व अध्यक्ष खुशाल टाटिया आदि ने गुरु भगवंत की कृपा अनुग्रह के लिए सराहना करते हुए गद्य एवं पद्य में में विक्रम संवत 2582 का चातुर्मास कवर्धा में (संत महापुरुषों का) हो तद्हेतु पुरजोर निवेदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विदुषी श्राविका श्रीमती नीता लूनिया ने किया। इस दौरान बाल, युवा, सीनियर सिटीजन सभी का उत्साह देखते ही बन रहा था। उमंग और उत्साह को देखते हुए संभावना व्यक्त की जा रही है कवर्धा शहर को चातुर्मास अवश्य प्राप्त हो सकता है। श्री संघ यात्रा के लाभार्थी जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष अमित बरडीया थे।

## पिपरिया में मनाई गई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 09 में जैतखाम चौक निर्माण कराया गया। जिसके पूर्ण होने पर अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया विक्की अग्रवाल के मुख्य अतिथि में बाबा गुरू घांसीदास की जयंती पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा घांसीदास जी द्वारा सतनाम का अलख जगाते हुए मनखे मनखे एक समान अर्थात समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने तथा छुआछूत को दूर करने एवं समाज को मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज परम पूज्य बाबा गुरू घांसीदास के बताए सत मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि जैतखाम चौक निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने पर विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयास से ही उक्त कार्य सहज रूप से सम्पन्न हुआ। जिसके लिए वार्डवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक एवं उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, वार्ड पार्षद देवदास मिरी, पिपरिया सोसाइटी अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, निर्मल चंद द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश अग्रवाल, पार्षदगण कमलकांत नाविक, गणेश चंद्रवंशी, रविन्द्र देवांगन, लोकेश साहू, तथा आम नागरिक एवं वार्डवासी शिवचरण पटेल, राजेश पटेल, झगराम साहू, राजेन्द्र गुप्ता, बाबूलाल बघेल , नंदा पाटिल, मनीराम, रामजी कुर्रे सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा नगर पंचायत पिपरिया के कर्मचारी उपस्थित थे।




### साइबर ठगी के प्रति स्काउट-गाइड की टीम ने लोगों को किया जागरुक



**कवर्धा।** जिले में साइबर ठगी के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। जागरूकता के अभाव में पढ़े-लिखे लोग भी ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसी कड़ी में ओपन सीनियर स्काउट-गाइड टीम- भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन टीम कवर्धा के द्वारा लोगों को जागरुक करने का काम किया जा रहा है। ताकी इन ठगी से बचा जा सके। इसके तहत संस्कार पब्लिक स्कूल कवर्धा में साइबर ठगी से बचने कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू ने सायबर ठग संबंधित जानकारी स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राओं को दिया। उन्होंने स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचने सीख दी। साथ ही विद्यार्थियों को सायबर ठगी को लेकर सतर्क और जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। जागरूक रहकर फॉड से बच सकते हैं। सायबर ठग तरह तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को अपने में झांसे में ले लेते हैं। ऐसे में सभी को सायबर अपराध से सतर्क रहने की जरुरत है। गाइड केप्टिन पुष्पांजलि तिवारी ने बताया कि डिजिटल युग में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचने लोगों को सतर्क और जागरुक रहें, झांसे में न आएं।

**भाजपा सरकार किसान कल्याण व कृषि विकास के लिए कर रही कार्य**

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने उत्कृष्ट किसानों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूरा होने पर जनादेश परब में प्रशासन गांव की ओर के तहत बोड़ला में एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी और उन्नत कृषकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुशासन के एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल जनादेश परब के तहत आज उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को साल, श्रीफल, और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने विष्णु के पाती संदेश का वाचन किया और किसानों को वितरण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि, जिला सहकारी बैंक और उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। कृषक संगोष्ठी में कृषि से जुड़े विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। जिसमें शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां किसानों को दी गई।




